

हरिभूमि
रायपुर भूमि

## सीमित बेड वाला दाई कोरा

अस्पताल के पीछे रेडक्रास द्वारा दाई कोरा का संचालन करता है। यहां सीमित संख्या में बेड है जो अस्पताल में आने वाले मरीजों के हिसाब से काफी कम है। एक रात के पचास रुपए शुल्क की वजह से भी गरीब परिवार वहां आने से हिचकता है और अस्पताल पार्किंग में ही वक्त बिताना आसान समझता है। दाई कोरा में अलग-अलग कक्ष में कुल डेढ़ दर्जन बिस्तरों की व्यवस्था है।

# मच्छरदानी में कैद 'बेबसी', कहने को सुपर स्पेशलिटी, पर मरीजों के परिजनों के लिए भी नहीं बना पाया एक 'ठिकाना'

- डीके अस्पताल के मरीजों के अटेंडरों के लिए नहीं हो पाया पर्याप्त इंतजाम
- मच्छरदानी और पंखा लगाकर अपनों के ठीक होने का कर रहे इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दूरवर्ती जिलों से इलाज के लिए डीके अस्पताल आने वाले मरीजों के परिजनों के लिए अब तक पर्याप्त इंतजाम नहीं हो पाया है। इसकी वजह से बारिश, ठंड, गर्मी जैसे मौसम में उन्हें पार्किंग में ही रात गुजारने के लिए मजबूर होना पड़ता है। आवास की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने की वजह से वे एक कोने में मच्छरदानी और स्वयं के पंखों के साथ बीमार परिजनों के ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं।

दूरवर्ती जिलों से मरीजों के साथ आने वाले अन्य लोगों को डीके अस्पताल के बाहर वक्त गुजारना पड़ता है। कुछ समय पहले ऐसे लोगों की सुविधा के लिए अस्पताल परिसर में मडिया ▶▶|शेष पेज 11 पर



### पहुंच से दूर व्यवस्था

अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीजों के परिवार वालों का ध्यान रखते हुए प्रमुख भवन के ऊपरी मंजिल पर उनके रहने की व्यवस्था की गई। इसके लिए बनाए गए नियम इतने कठिन हैं कि आम मरीज के रिश्तेदार उन तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। वहां दो अटेंडरों को प्रवेश की अनुमति है मगर इसके लिए भी अस्पताल से जारी होने वाला पास मौजूद रहना जरूरी है।



### ज्यादा संख्या में लोग

अस्पताल में मरीज के साथ दो अटेंडरों का सिस्टम होता है। यहां ज्यादा संख्या में लोग पहुंच जाते है जिन्हें सुरक्षा के लिहाज से अस्पताल के भीतर प्रवेश नहीं दिया जा सकता है। ऐसे लोग ही पार्किंग में डेरा जमा लेते हैं।

- डॉ. हेमंत शर्मा, उप अधीक्षक, डीके अस्पताल

## खबर संक्षेप

### लाइन टीआई वैभव ने गोल्ड पर साधा निशाना

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित 23वीं शूटिंग प्रतिस्पर्धा में रायपुर रक्षित निरीक्षक वैभव मिश्रा ने पिस्टल की तीन प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेकर तीनों में ही स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया है। रक्षित निरीक्षक ने



राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर जीवी मावलंकर प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है। वर्तमान में रक्षित निरीक्षक रायपुर नेशनल राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में शामिल होने गोवा भी जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के बाद से अभी तक किसी भी पुलिस अधिकारी ने निर्धारित अंक प्राप्त नहीं किए थे। रक्षित निरीक्षक रायपुर पुलिस के पहले अधिकारी हैं, जिन्होंने जीवी मावलंकर प्रतियोगिता के लिए निर्धारित अंक राज्य स्तरीय शूटिंग में प्राप्त किए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों ने इस उपलब्धि के लिए वैभव को बधाई दी है।

### ज्वेलरी शॉप से सोने की चेन पार, महिला गिरफ्तार

रायपुर। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व संतोष कुमार जैन के अरिहंत ज्वेलरी शॉप पर सोने की चेन चोरी करने के आरोप में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार कर



उसके कब्जे से चेन बरामद कर ली है। पुलिस के मुताबिक, चोरी के आरोप में गोलबाजार निवासी 65 वर्षीय उषाकिरण गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है। महिला ने 18 अगस्त को चोरी की घटना को अंजाम दिया है। 20 अगस्त को सीसीटीवी फूटेज सामने आने के बाद संतोष ने थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### चाकूबाजों की थाने में परेड, दी चेतावनी

रायपुर। जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर पुराने तथा आदतन गुंडे बदमाशों को थाने तलब किया गया। जिले के



थानों में ढाई सौ से ज्यादा गुंडे बदमाशों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान अलग-अलग थानों में 15 बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। थाना पहुंचे बदमाशों को पुलिस ने किसी भी तरह के अपराध से दूर रहने चेतावनी दी।

### छह दिन ईओडब्लू की रिमांड पर मनीष

रायपुर। माइनिंग घोटाले के आरोप में पिछले दिनों गिरफ्तार किए गए मनीष उपाध्याय की शुक्रवार को रिमांड अवधि समाप्त होने पर ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में पेश किया। मनीष से और पूछताछ करने कोर्ट में मनीष की रिमांड बढ़ाने आवेदन पेश किया। जांच एजेंसी के आवेदन पर कोर्ट ने मनीष की छह दिनों के लिए रिमांड और बढ़ाने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि जांच एजेंसी ने पिछले सप्ताह झारखंड, राजस्थान, बेंगलुरु तथा छत्तीसगढ़ के दो दर्जन ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की थी। इसी दौरान जांच एजेंसी ने मनीष को गिरफ्तार किया था।

## अधिकारियों के लिए बनाया गया हाजिरी वाट्स एप ग्रुप


# सुधर रहा 10 का सिस्टम, वाट्स एप पर ऑनलाइन हाजिरी, दफ्तर में मौजूदगी की लाइव तस्वीर अपलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि की खबर और संभाग कमिश्नर महादेव कावरे की सख्ती के बाद अब कलेक्टोरेट सहित जिले के विभिन्न विभागों के सरकारी दफ्तरों में सुबह 10 बजे का सिस्टम अब धीरे-धीरे सुधरने लगा है। इसकी शुरुआत जिला स्तरीय अधिकारियों से की गई है। सभी अधिकारी समय पर ड्यूटी पहुंचें, इसके लिए प्रशासन ने जिला स्तरीय उपस्थिति वाट्सएएप ग्रुप बनाया है। इस ग्रुप में अधिकारियों की लाइव हाजिरी ली जा रही है। अधिकारी को किसी भी स्थिति में सवा दस बजे के भीतर कार्यालय पहुंचकर तारीख और समय के साथ अपनी लाइव फोटो खींचकर भेजना है। इस लाइव फोटो के आधार पर अधिकारियों की हाजिरी लग रही है।

हरिभूमि ने कलेक्टोरेट, नगर निगम सहित अन्य सरकारी दफ्तरों में अधिकारियों और कर्मचारियों के समय पर ड्यूटी नहीं पहुंचने के कारण आम लोगों को होने वाली दिक्कतों को लेकर खबरें प्राथमिकता के साथ प्रकाशित की हैं। इन खबरों को संज्ञान में लेकर प्रशासन द्वारा भी कुछ विभागों का औचक निरीक्षण करके लेटलतीफी से पहुंचने वाले कई कर्मचारियों को नोटिस जारी किया था। कुछ कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के भी निर्देश दिए गए थे। प्रशासन की सख्ती के बाद कुछ हफ्तों तक विभागों में अधिकारी-कर्मचारी समय पर भी पहुंचने लगे थे, लेकिन इसके बाद कई दफ्तरों में पुनः लेटलतीफी का सिलसिला जारी हो गया था। नवनियुक्त संभाग कमिश्नर महादेव कावरे पदभार संभालते ही लेटलतीफी पर एक्शन मोड पर नजर आए। उन्होंने लगातार कई सरकारी दफ्तरों का सुबह 10 बजे औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई दफ्तरों में अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित मिले थे, जिनके खिलाफ उन्होंने कारण बताओ नोटिस भी जारी कराया है।



आज दिनांक 1.8.2024 की उपस्थिति

संयुक्त संचालक, पशुपालन
जिला उद्योग केन्द्र
जिला चिकित्सालय
नागरिक आपूर्ति निगम
9. जिला कोषालय
11. कार्य.अभि.लो.नि.वि. क्रमांक–2
13. कार्य.अभि.जल संसाधन श्री खरे
15. कार्य.अभि.जल संसाधन श्री कक्कर
17. ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
19. नगर तथा ग्राम निवेश
21. नायब तहसीलदार, तिल्दा
23. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना
25. तहसीलदार, खरोरा

2. अन्त्यावसायी विकास
4. उप पंजीयक सहकारी संस्थायें
6. कार्य.अभि.लो.नि.वि. सेतु निर्माण
8. रोजगार
10. मु.न.पा.अधि. तिल्दा
12. उप संचालक, मत्स्य पालन
14. उप संचालक, कृषि
16. कार्य.अभि.जल संसाधन श्री पटेल
18. ए.डी.बी. परियोजना
20. कार्य.अभि.जल संसाधन श्री राउटे
22. महिला एवं बाल विकास
24. उप संचालक, पंचायत
26. उप संचालक, उद्यान

| | | |
|---|---|---|
| 27. | नापतौल | 10.16 |
| | मु.का.अधि.जनपद पचायत, धरसींवा | 10.17 |
| 29. | सहायक श्रमायुक्त | 10.20 |
| 30. | तहसीलदार, तिल्दा | 10.21 |
| 31. | मार्कफेड | 10.22 |
| 32. | कार्य.अभि, लोनिवि. रा.राजमार्ग | 10:24 |
| 33. | मु.का.अधि, जनपद पंचायत, तिल्दा | 10.26 |
| 33. | क्रेडा | 10.27 |
| 34. | मु.का.अधि. अभनपुर | 10.30 |
| 35. | मु.न.पा.अधि. नवापारा | 10.30 |
| 36. | नायब तहसीलदार, गोबरानवापारा | 10.31 |
| 37. | मु.न.पा.अधि. अभनपुर | 10.38 |
| 38. | कार्य.अभि.लो.नि.विभाग क्रमांक–1 | 10.40 |
| 39. | सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास | |

निम्न विभागों द्वारा उपस्थिति प्रेषित नहीं की गई है –

सभी अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व, तिल्दा, खरोरा, नायब तहसीलदार, खरोरा, गोबरा... छोड़कर जिले के अन्य किसी भी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, मु.का.अधि, जनपद पंचायत... खनिज, आबकारी, शिक्षा विभाग, सर्व शिक्षा अभियान, जिला पंजीयक, योजना मंडल, मुख्य... अधि., आयुर्वेद अधि.,कौशल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लो.नि.वि.क. 2, 3, विधानसभा... विभाग, मु.न.पा.अधि.–आरंग, खरोरा, कुरा, माना, समोदा, चंदखुरी, मंदिर हसौद

## सुबह सवा दस बजे के अंदर दफ्तर में उपस्थिति का लाइव फोटो खींचकर ग्रुप में डाल रहे अधिकारी

### हाजिरी वाट्सप ग्रुप की मॉनिटरिंग की जा रही

जिला स्तरीय अधिकारियों के लिए बनाया गया उपस्थिति वाट्सप ग्रुप में अधिकारियों की सिर्फ हाजिरी नहीं ली जा रही है, बल्कि ग्रुप की मॉनिटरिंग भी की जा रही है। कलेक्टर के स्टेनो को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। इस ग्रुप में जो अधिकारी लाइव फोटो भेज नहीं रहे हैं, उनके नाम दर्ज करने के साथ उन अधिकारियों के समय का रिकार्ड भी दर्ज किए जा रहे हैं जिनके द्वारा लाइव फोटो भेजी गई है। मॉनिटरिंग के दौरान हाजिरी की सप्ताहिक और मासिक रिपोर्ट भी बनाई जाएगी, जिसका निरीक्षण जिला प्रशासन के उच्च अधिकारी करेंगे।



एसडीएम-तहसीलदार पर गिरी कमिश्नर की गाज, थमाया नोटिस

### सीधे फील्ड पर जाने वालों को भी ग्रुप में देनी होगी सूचना

दफ्तर नहीं पहुंचकर सीधे फील्ड या अन्य किसी काम से जाने वाले अधिकारियों को भी ग्रुप में फोटो के साथ सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा नहीं करने वाले अधिकारियों की हाजिरी में अनुपस्थिति दर्ज की जाएगी।

### नोटिस के जवाब में माफी पत्र लिख रहे कर्मचारी

कमिश्नर के निर्देश पर 54 अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया हैं। इनमें 33 अधिकारी-कर्मचारी कृषि, नगर ग्राम एवं निवेश तथा सहकारी समितियों के पंजीयक विभागों के है, वहीं 21 कर्मचारी जिला अस्पताल के है, जो रेडियोग्राफर, डेटा एंट्री ऑपरेटर, वाहन चालक, ऑक्सीजन ऑपरेटर, प्रयोगशाला सहायक, वार्डबॉय, लॉड्री मशीन ऑपरेटर, सफाई कर्मी है। इन सभी को नोटिस देकर समय पर ड्यूटी नहीं पहुंचने का जवाब मांगा गया है। इस नोटिस के जवाब में कई कर्मचारियों ने विलंब से पहुंचने के लिए माफी मांगी है भविष्य में समय का पालन करने की बात लिखी है।

### नोटिस पर माफी मांग रहे कर्मचारी

लेटलतीफी मामले में 54 अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कराया है। इनमें से कई कर्मचारियों ने नोटिस के जवाब में गलती स्वीकार कर माफी मांगी है। कुछ कर्मचारियों के जवाब अभी आए नहीं हैं।

- **महादेव कावरे**, कमिश्नर रायपुर संभाग

### अधिकारी पहुंचेंगे तो कर्मचारी भी आएंगे

अधिकारी समय पर ड्यूटी पहुंचेंगे तो कर्मचारी भी समय का पालन करेंगे। इसे देखते हुए जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति के लिए हाजिरी वाट्सप ग्रुप बनाया गया है। ग्रुप की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

- **डा. गौरव सिंह**, कलेक्टर रायपुर

# विनोद कुमार शुक्ल को साहित्य अकादमी ने दी महत्तर सदस्यता

## कहा- सोच में कभी नहीं आया था यह सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश के शीर्ष साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल को साहित्य अकादमी ने अपने सर्वोच्च सम्मान, महत्तर सदस्यता से विभूषित किया। शुक्रवार को साहित्य अकादमी ने शैलेंद्र नगर स्थित घर में एक संक्षिप्त आयोजन में उन्हें महत्तर सदस्यता प्रदान की। भारत में साहित्य अकादमी का यह सबसे बड़ा सम्मान है। इस अवसर पर विनोद कुमार शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य ठीक नहीं होने से अब घर पर रहता हूं। साहित्य अकादमी की महत्तर सदस्यता मिलना बहुत बड़ा सम्मान है, जो मुझे मिला है। मुझे इसकी उम्मीद नहीं थी। सोचा भी नहीं था। मेरी ▶▶|शेष पेज 11 पर

- शैलेंद्र नगर स्थित उनके घर में एक संक्षिप्त आयोजन में किया गया सम्मानित

### अद्भुत संयोग रचने वाले सर्जक

इस अवसर पर साहित्य अकादमी के सचिव के श्रीनिवास राव ने प्रशस्ति पाठ करते हुए कहा कि विनोद कुमार शुक्ल, कविता और गल्प का अद्भुत संयोग रचने वाले सर्जक हैं। यह संयोग कुछ ऐसा होता है कि विधाओं की सीमा का अतिव्यापन-सा हो जाता है। प्रथमतः कलावादी प्रत्ययों से संसाधित जान पड़ने वाली रचना में गहरे प्रवेश करने पर पता चलता है कि रचनाकार ने अमूर्तन को स्थानीयताओं से मूर्त और प्रयोजनीय बना दिया है। अपरिग्रह का अभ्यासी यह रचनाकार अभिव्यक्ति कला और शब्द-शक्तियों का ऐसा अपूर्व अन्वेषण करता है कि रचना रहस्य-लीला-सी लगने लगती है। किसी स्मृति के आख्यान-सी मृदुल और झिलमिल, जिसमें एक विलक्षण प्रशांति का सुख है।

### घर आना तीर्थ यात्रा में आने जैसा है

कार्यक्रम के दौरान अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने बताया कि हम यह आयोजन बड़े स्तर पर करना चाहते थे। शुक्ल जी के स्वास्थ्य को देखते हुए घर में उन्हें यह सम्मान दिया जा रहा है। घर आना हमारे के लिए तीर्थ यात्रा आने जैसा है। श्री शुक्ल को सर्वोच्च सम्मान देकर अकादमी खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही है। इस दौरान पैनल ने कहा कि शुक्ल के गद्य और पद्य में सूक्ष्म और अनचीन्ही चीजों का अवलोकन है। उनके लेखन में जो आवाज सुनाई पड़ती है, वो एक गहरी बुद्धिमत्ता वाले चितेरे की है। दुनियाभर के आदिवासी इन दिनों जल, जंगल, जमीन से विस्थापन के संकट से गुजर रहे हैं। ऐसे में विनोद कुमार शुक्ल की कविताएं भरपूर स्थानिक एवं विशद् वैश्विक एक साथ हैं।

# एडीजी जीपी सिंह के कैट के फैसले पर दिल्ली हाईकोर्ट ने लगाई मुहर



- कैट ने अप्रैल में फैसला सुनाते हुए चार सप्ताह के भीतर ज्वाइन कराने दिया था आदेश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कथित तौर पर आय से अधिक संपत्ति तथा राजद्रोह के आरोप में फोर्सली रिटायर किए गए आईपीएस तथा एडीजी के पद पर पदस्थ रहे जीपी सिंह के पक्ष में कैट के फैसले पर दिल्ली हाईकोर्ट ने मुहर लगा दी है। दिल्ली हाईकोर्ट के निर्णय के बाद श्री सिंह की जल्द ही पुलिस विभाग में बहाली हो सकती है। गौरतलब है कि राज्य सरकार की अनुसंसा पर केंद्र सरकार ने 1994 बैच के आईपीएस अफसर जीपी सिंह को फोर्सली रिटायरमेंट करने का आदेश दिया था। आदेश के खिलाफ श्री सिंह ने कैट में याचिका दाखिल की थी। श्री सिंह की याचिका पर कैट ने 30 अप्रैल को श्री सिंह के पक्ष में फैसला सुनाया। उल्लेखनीय है कि तीन वर्ष पूर्व पांच जुलाई 2021 को जीपी सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में कार्रवाई की गई। उसके तीन दिन बाद ▶▶|शेष पेज 11 पर


# दिनभर चलता रहा धूप, छांव और बारिश का दौर, आज भी आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में शुक्रवार को दिनभर कभी धूप कभी छांव तो कभी बारिश का दौर चलता रहा। गुरुवार से बदले मौसम के मिजाज में आज भी सुधार की गुंजाइश कम है। पिछले चौबीस घंटे में राजधानी में तीन सेमी. बारिश हुई है। वहीं उत्तरी इलाके के कटघोरा में 11 सेमी. तक बारिश दर्ज की गई है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार एक निम्न दाब और चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से गुरुवार से प्रदेश के मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। शुक्रवार को भी यही स्थिति बनी रही और सुबह के वक्त छाए बादल हल्के रूप में बरसते रहे। दिन चढ़ने के बाद मौसम साफ हो गया और धूप निकल गई। इसके बाद शाम होते ही फिर बादल छाए, जो काफी देर तक बरसते रहे। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में शहर में तीन सेमी. बारिश ▶▶|शेष पेज 11 पर

## चौबीस घंटे में शहर में तीन सेमी. तक बरसे बादल



### बिहार की ओर सिस्टम

सिस्टम के झारखंड के बाद बिहार की ओर आगे बढ़ने की वजह से अभी प्रदेश में भारी और व्यापक बारिश होने की संभावना कम है। मानसून के सामान्य स्थिति में होने की वजह से अभी हल्की से मध्यम वर्षा का दौर जारी रहने की संभावना है। अनुमान लगाया जा रहा है कि तीस अगस्त के आसपास दक्षिण-पश्चिम मानसून एक बार फिर सक्रिय होगा जिसके बाद सितंबर में अच्छी बारिश होने की संभावना है।

### रायपुर में 741 मिमी. बारिश

मौसमविभाग के आंकड़ों के अनुसार एक जून से लेकर अब तक रायपुर जिले में 741 मिमी. बारिश हो चुकी है जो सामान्य 751 मिमी. से महज एक प्रतिशत कम है। प्रदेश में अभी सरगुजा, सारंगढ़-बिलाईगढ, जशपुर, दुर्ग तथा बेमेतरा में ही कम वर्षा हुई है। शेष जिले या तो सामान्य स्थिति में है अथवा ज्यादा पानी बरसने से लबालब हो चुके है। प्रदेश में अब तक 880 मिमी. बारिश दर्ज की जा चुकी है जो सामान्य से तीन प्रतिशत ज्यादा है।

# गायक हंसराज के खिलाफ 10 लाख रुपए ठगी की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुरानी बस्ती थाना में ईवेंट संचालित करने वाली राजधानी की एक युवती ने गायक हंसराज रघुवंशी के खिलाफ 10 लाख 20 हजार रुपए ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। युवती की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच करने के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।

- एक वर्ष पूर्व शिव भक्ति से जुड़े रॉक सांग गाने एडवांस दिया गया था



युवती ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस का संभागीय सम्मेलन होने की वजह से ▶▶|शेष पेज 11 पर

### हंसराज की पत्नी ने लिए पांच लाख

प्रगति के अनुसार कार्यक्रम आयोजित करने शुल्क वृद्धि के बाद उसने हंसराज की पत्नी कोमल सकलानी को रायपुर एयरपोर्ट पर पांच लाख रुपए नकद दिए। इसके बाद प्रगति ने कार्यक्रम आयोजित करने अपने प्रयास तेज कर दिए और नगर निगम में इंडोर स्टेडियम बुक करने चार लाख रुपए जमा टिकट बुक छपवाकर बिक्री भी करना शुरू कर दिया।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने हलषष्ठी की दीं शुभकामनाएं



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों, विशेषकर सभी माताओं को हलषष्ठी (कमरछठ) की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलरामजी के जन्मोत्सव के रूप में हलषष्ठी मनाई जाती है। छत्तीसगढ़ में यह त्योहार कमरछठ के नाम से मनाया जाता है। इस दिन घरों और मंदिरों में तालाब के प्रतिरूप स्वरूप सगरी बनाई जाती है। महिलाएं इकट्ठा होकर पसहर चावल, काशी फूल, महुआ पत्ते, लाई अर्पित कर भगवान शिव और सगरी की पूजा-अर्चना करती हैं। इस दिन महिलाएं व्रत रखकर अपने बच्चों के स्वास्थ्य, लंबी उम्र और समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हैं। मुख्यमंत्री ने कामना की है कि सभी माताओं की कामना पूरी हो, सभी बच्चे स्वस्थ और खुशहाल रहें।

### छग विद्युत मंडल अभियंता संघ की वार्षिक साधारण सभा आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल अभियंता संघ की वार्षिक साधारण सभा शनिवार को कोरबा पश्चिम के इरेक्टर हॉस्टल में रखी गई है। संघ में छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनीज में कार्यरत कार्यपालक निदेशक से लेकर सहायक अभियंता तक इसके सदस्य हैं। वार्षिक साधारण सभा अभियंता संघ की सर्वोच्च इकाई होती है। इसमें जो भी निर्णय लिया जाता है, वह अभियंता संघ का अंतिम निर्णय होता है। बैठक में प्रदेशभर से अभियंता शामिल होंगे।

### तीन डी. फार्मेसी कॉलेज पर कार्रवाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मे प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति द्वारा तीन डी. फॉर्मेसी कॉलेजो ऋषिकेश इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, सेजबहार, रायपुर, नूपुर कॉलेज ऑफ फार्मेसी, ओल्ड धमतरी रोड, रायपुर एवं श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च सेंटर, रायपुर के द्वारा फीस निर्धारित न किये जाने और संबंधित विभाग के सचिव और संचालक को इस संबंध में समुचित कार्यवाही हेतु लिखे जाने का निर्णय लिया गया है। तीनों डी. फार्मेसी कॉलेजो के निरीक्षण के दौरान प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति ने पाया कि इन्होंने पूरी सुविधाएं जुटाए बिना कॉलेज प्रारंभ कर दिया, कॉलेजो में न ही पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला है और न ही शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ वहां मिले। इसी आधार पर समिति ने कार्यवाही का निर्णय लिया है। यहां यह भी विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि फीस विनियामक समिति के पास फीस निर्धारण के लिये आवेदन देने के पूर्व फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, संबंधित विश्वविद्यालय और संबंधित संचालक से भी अनुमति प्राप्त की जानी चाहिए।

### सात राज्यों के सीएस डीजी व अफसर पंहुचे

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ नक्सल प्रभावित राज्यों के अफसरों साथ शनिवार को होने वाली को-आर्डिशनेशन कमेटी की बैठक में हिस्सा लेने सात राज्यों के डीजीपी, मुख्य सचिव व अन्य अधिकारी रायपुर पंहुचे हैं। बताया गया है कि जिन प्रदेशों के डीजी व सीएस आए हैं उनमें ओडिशा, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड, व एमपी के अधिकारी शामिल है। इनके अलावा सीआरपीएफ, आईटीबीपी और बीएसएफ के डीजी, एनआई के अधिकारी, आईबी, एनसीबी के अधिकारियों के अलावा संबंधित राज्यों के नक्सल ऑपरेशन प्रमुख भी शामिल है। सभी अधिकारियों को नवा रायपुर स्थित मे फेयर होटल में ठहराया गया है।

### राज्यस्तरीय उल्लास मेला 8 सितंबर को

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रदेश में राज्यस्तरीय उल्लास मेले में उल्लास साक्षरता अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह आयोजन पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 8 सितम्बर को होगा। इस कार्यक्रम में राज्य सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक सहित जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। एससीईआरटी के संचालक राजेंद्र कुमार कटारा ने बताया कि राज्य स्तरीय उल्लास मेले में प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित गतिविधियों के 10 स्टॉल लगाए जाएंगे। उल्लास साक्षरता अभियान के शुभारंभ और मेले का प्रसारण सोशल मीडिया के जरिए सभी ब्लॉक मुख्यालयों और पंचायत स्तर पर किया जाएगा।

# पीएम जनमन योजना : अगले माह मेगा इवेंट और आईसीसी कैंपेन, मोदी वर्चुअल रूप से होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के आदिम जाति कल्याण मंत्री राम विचार नेताम की पहल पर छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजातीय बैगा, पहाड़ी कोरवा, कमार, अबुझमाड़िया एवं बिरहोर बहुल बसाहटों में राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए 23 अगस्त से 10 सितंबर तक मेगा अभियान चलेगा।

राज्य के 18 जिलों में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) संचालित है। इन जिलों में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा आगामी सितम्बर माह में मेगा ईवेंट और आईईसी कैंपेन का आयोजन होगा। माह सितम्बर के प्रथम सप्ताह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से शामिल होकर विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के साथ संवाद करेंगे। गौरतलब है कि जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 15 नवम्बर 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम जनमन का शुभारंभ किया था।

## जन मन जिलों में जिला स्तरीय कार्यक्रम




*मंत्री श्री नेताम ने बताया कि मेगा ईवेंट के अतिरिक्त बाकी सभी पीएम-जनमन के जिलों में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन सभी आयोजनों में झारखण्ड राज्य से प्रधानमंत्री का संबोधन और संवाद सुचारु रुप से देखने और सुनने के लिए टू-वे-कनेक्टिविटी की आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है। इन आयोजनों में स्थानीय विधायकगण और अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति को लाभान्वित किया जाएगा। इस दौरान सास्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। मंत्री श्री नेताम ने बताया कि लाभार्थी सतृप्ति शिविरों का आयोजन 23 अगस्त 2024 से 10 सितंबर 2024 तक किया जाना है। इन शिविरों के माध्यम से आधार कार्ड, जनधन खाता, आयुष्मान कार्ड, वन अधिकार पत्र राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम मातृत्व वंदना योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सिकल सेल की जांच एव मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाएं आदि से लाभान्वित की जानी है। इसका उद्देश्य सभी पीवीटीजी बसाहटों में तात्कालिक गतिविधियों की शत-प्रतिशत संतृप्ति की जानी है। प्रदेश में भारत सरकार द्वारा घोषित 05 विशेष रुप से कमजोर जनजाति समूह क्रमशः बैगा, पहाड़ी कोरवा, कमार, अबूझमाड़िया एवं बिरहोर जनजाति समूहों तथा बसाहटों के त्वरित विकास के लिए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) योजना क्रियान्वित की जा रही है।*

### मुख्य आयोजन झारखंड में

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री राम विचार नेताम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पीएम जनमन योजना के तहत झारखंड में आयोजित किए जा रहे हैं राष्ट्रीय मेगा ईवेंट में शामिल होंगे तथा देश के सभी पीवीटीजी बसाहट वाले जिलों को संबोधित करते हुए टू वे कनेक्टिविटी के माध्यम से संवाद स्थापित करेंगे। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजाति वाले किसी एक जिले में राज्य स्तरीय मेगा ईवेंट के लिए चिन्हित किया जाएगा।

## देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी का कांग्रेस आज राज्यभर में करेगी शक्ति प्रदर्शन

# बैज को कार्यकारिणी बनाने और खाली पदों पर नियुक्ति के लिए पायलट की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को प्रदेश कार्यकारिणी बनाने और संगठन के खाली पदों पर नियुक्ति करने की मंजूरी दे दी है। बताया गया है कि शुक्रवार को राजीव भवन में पार्टी की एक बैठक के दौरान प्रदेश प्रभारी ने यह बात कही है। राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि प्रदेश प्रभारी द्वारा दिए गए फ्री हैंड से ये बात साफ होती है कि आने वाले समय में प्रदेश में होने वाले नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनावों के पहले श्री बैज अध्यक्ष पद पर मजबूती से बने रहेंगे। इधर प्रदेश कांग्रेस अपने विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में राज्य भर में शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी में है।

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिव पायलेट ने यहां आने के बाद बलौदाबाजार कांड को लेकर जेल में बंद विधायक देवेंद्र यादव से सेंट्रल जेल जाकर मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत भी मौजूद थे। श्री पायलट ने राजीव भवन में वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पार्टी की एक बैठक भी की। इस बैठक में उन्होंने महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं।




### कांग्रेस होगी आक्रामक

*बताया गया है कि प्रदेश प्रभारी ने कांग्रेस नेताओं से कहा है कि अब धरना प्रदर्शन जैसे कार्यक्रमों में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को आक्रामक होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के खिलाफ हर मामले को गंभीरता से लेने की जरुरत है। आज एक विधायक को गिरफ्तार कर लिया गया है, ऐसा ही दूसरे नेताओं को साथ भी हो सकता है।*

### तीन-पांच साल से जमे अध्यक्ष हटाए जाएंगे

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार प्रदेश प्रभारी ने प्रदेश अध्यक्ष को संगठन में खाली पदों पर नियुक्ति के संबंध में जो निर्देश दिए है उसमें यह बात भी शामिल है कि प्रदेश कांग्रेस के संगठन जिलों में जो अध्यक्ष तीन से लेकर पांच साल से जमे हैं उन्हें भी बदला जाए। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के जिला संगठनों में कई बरसों से कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस बीच 2018 के विधानसभा चुनाव से लेकर 2019 के लोकसभा, 2023 का विधानसभा चुनाव और 2024 का लोकसभा चुनाव भी हो चुका है। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली सफलता 2023 में दोहराई नहीं जा सकी। पार्टी करारी हार के सत्ता सत्ता से वापस जाना पड़ा। इसी तरह 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा है। पार्टी केवल एक लोकसभा सीट जीत पाई है।

### आज कांग्रेस का प्रदेशभर में प्रदर्शन

कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की बलौदाबाजार कांड के सिलसिले में गिरफ्तारी के विरोध में प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रदेश भर के सभी जिलों में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बताया गया है कि रायपुर में यह प्रदर्शन देवेंद्र नगर स्थित नमस्ते चौक पर किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी ने इस विरोध प्रदर्शन की तैयारी पूर्व से की थी। पहले बने कार्यक्रम के अनुसार यह प्रदर्शन 21 तारीख को किया जाना था, लेकिन इस दिन भारत बंद होने के कारण कार्यक्रम को 24 तारीख को रखा गया है। पार्टी 24 तारीख शनिवार को राज्यभर में बड़े शक्ति प्रदर्शन की तैयारी में है। कांग्रेस का कहना है कि विधायक की गिरफ्तारी गलत तरीके से की गई है।

### पायलट बोले- छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था फेल

*कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम के संबंध प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिव पायलट ने मीडिया से चर्चा में ये बात कही है। उनका कहना है- राजनीतिक षड्यंत्र के रूप में देवेंद्र यादव को गिरफ्तार किया गया। बिना तथ्य और प्रमाण के उनके ऊपर तमाम धाराएं लगाई गई। देवेंद्र यादव को जबरदस्ती जेल में रखा गया है। बहुत गलत उदाहरण सरकार पेश कर रही है। समाज की भावना आहत हुई है उसे पर सरकार नाकाम रही। कानून का दुरुपयोग करके जेल में डालेंगे जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। पूरे प्रदेश में इसके खिलाफ धरना करेंगे। ला एंड आर्डर फेल हो चुका है। चोरी डकैती हत्याएं हो रही हैं। ला एंड आर्डर को सरकार कंट्रोल नहीं कर पा रही है। विधायक को अंदर करके बहुत गलत उदाहरण पेश की है, इसका जवाब जनता देगी। कांग्रेस पार्टी इस संघर्ष के लिए तैयार है। कल पूरे प्रदेश में कांग्रेस के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेंगे। अपना विरोध प्रदर्शन हम लोग करेंगे। बिना तथ्य सबूत के धाराएं लगाई गई है। सरकार की आलोचना करने के कारण उनको टारगेट किया गया है। न्यायपालिका के ऊपर पूरा भरोसा है। विपक्ष को नीचा दिखाने के लिए पूरे देश में बीजेपी कार्यवाही कर रही है। बीजेपी एजेंसियों का मिसयूज करती है। सारे झूठे केस हैं कोर्ट के अंदर लड़ेंगे।*

# मास्को से मेट्रो ट्रेन एमओयू की भारत में कोई वैधता नहीं : मूणत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश के पूर्व मंत्री व भाजपा विधायक राजेश मूणत ने रायपुर के महापौर एजाज ढेबर के मॉस्को दौरे को व्यक्तिगत बताया है। उन्होंने कहा कि रायपुर से नवा रायपुर के बीच लाइट मेट्रो विकसित करने के लिए महापौर ढेबर ने मॉस्को शहर के महापौर के साथ एक एमओयू किया है। इस एमओयू की भारत में कोई वैधता नहीं है, क्योंकि इसके लिए राज्य सरकार से कोई अनुमति नहीं ली गई है। इससे स्पष्ट है कि ढेबर सरकार का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हैं, इसलिए यह सरकारी यात्रा भी नहीं है।

पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने ने रायपुर में मेट्रो ट्रेन चलाने के लिए मॉस्को के साथ रायपुर के महापौर ढेबर के एमओयू पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि एजाज ढेबर मास्को (रूस) में जिस परिवहन विकास विभाग की बैठक में हिस्सा लेने की बात कह रहे हैं, उसका निमंत्रण मास्को शहर के डिप्टी मेयर ने दिया था न कि वहां की सरकार ने दिया था। उन्होंने कहा कि ढेबर की रूस यात्रा व्यक्तिगत है, जिसका पूरा खर्च वे स्वयं उठा रहे हैं। राज्य सरकार से इसकी कोई अनुमति नहीं ली गई है।

### बिना कैबिनेट मंजूरी के एमओयू

उन्होंने कहा कि मेट्रो ट्रेन के लिए जिस एमओयू की बात कहीं जा रही हैं। उन्होंने तमाम प्रावधानों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत में कोई भी मंत्रालय या विभाग किसी विदेशी देश के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर तभी कर सकता है, जब उसे कैबिनेट या कैबिनेट समितियों से स्वीकृति मिली हो, लेकिन इस एमओयू में किसी भी प्रकार की मंजूरी नहीं मिली है। इसलिए उनके द्वारा हस्ताक्षरित किसी भी एमओयू को सरकारी समझौता नहीं माना जा सकता।

## मॉस्को से एमओयू और विदेश यात्रा की जांच की करेंगे मांग : मृत्युंजय



महापौर एजाज ढेबर का रूस दौरा और मॉस्को से मेट्रो ट्रेन के एमओयू मामले में भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने कहा कि इसकी जांच के लिए वे प्रदेश के मुख्यमंत्री और नगरीय निकाय मंत्री से मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि महापौर का रूस दौरान व्यक्तिगत है। उन्होंने बताया कि नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने भी उनके विदेश दौरे को व्यक्तिगत बताया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के 70 वार्ड की सीमा के बाहर भिलाई-दुर्ग तक लाइट मेट्रो ट्रेन के समझौता हस्ताक्षर करने का अधिकार महापौर को नहीं है। उन्होंने कहा कि महापौर पिछले 3 वर्ष से मॉस्को जा रहे है, लेकिन अब तक मेट्रो ट्रेन से संबंधित कोई प्रस्ताव एमआईसी में लाया गया और न ही सामान्य सभा में। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव था तो सामान्य सभा से पारित कराकर शासन को भेजना था।

## 5 वार्डों में विकास कार्यों के लिए डेढ़ करोड़ की राशि स्वीकृत विधायक पुरंदर ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के जोन-3 क्षेत्र के 5 वार्डों में नाली, पुलिया, सीसी रोड का निर्माण सहित कई विकास कार्यो की सौगात मिलेगी। इन कार्यो के लिए डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक राशि स्वीकृत की गई है। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने शुक्रवार को इन विकास कार्यो के लिए श्रीफल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर भूमिपूजन किया। इस दौरान वार्ड के पार्षद, जोन अधिकारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी मौजूद थे।



### इन कार्यो का किया गया भूमिपूजन

कालीमाता वार्ड क्रमांक 11 में 43 लाख 6 हजार रुपए की लागत से 5 स्थानों पर सीसी रोड, नाली निर्माण कार्य, महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 12 में 2 स्थानों पर 25 लाख की लागत से नाली पुलिया निर्माण कार्य, गुरू गोविंद सिंह वार्ड क्रमांक 29 में 5 स्थानों पर 35 लाख रुपए की लागत से रोड नाली, पुलिया निर्माण, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 34 में 3 स्थानों पर नाली, पुलिया सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 32 लाख की लागत से और मदर टेरेसा वार्ड क्रमांक 48 में 5 स्थानों पर 25 लाख की लागत से नाली, सीसी रोड, निर्माण कार्य होंगे।

## सरकारी डॉक्टर ही नहीं, पीजी छात्रों के लिए भी प्राइवेट प्रैक्टिस बैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरकारी वेतन सहित अन्य सुविधाओं का लाभ लेने के बाद भी निजी अस्पतालों में प्रैक्टिस करने वालों पर सरकार सख्ती बरत रही है। डाक्टरों के लिए जारी आदेश का सख्ती के साथ पालन करने के साथ पीजी छात्रों के लिए भी प्राइवेट प्रेक्टिस पर बैन लगा दिया गया है। आयुक्त चिकित्सा शिक्षा किरण कौशल ने तमाम सरकारी मेडिकल और एकमात्र डेंटल कालेज को पत्र भेजकर इस नियम का कड़ाई से पालन कराने का निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी मेडिकल कालेज डीन और प्राचार्य को निर्देशित किया है कि इस मामले सभी विभागाध्यक्षों से प्रतिवेदन लेकर कार्यालय को जानकारी प्रेषित की जाए। शुक्रवार को जारी किए गए आदेश में जिक्र किया गया है कि स्नातकोत्तर छात्र अपने पाठ्यक्रम के अवधि के दौरान निजी अस्पताल में प्रेक्टिस नहीं कर सकते। छत्तीसगढ़ चिकित्सा स्नातकोत्तर प्रवेश नियम 2021 के अनुसार महाविद्यालय में प्रवेश से तीन वर्ष तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए 2 वर्ष की कालावधि के लिए वे पूर्णकालिक होंगे। संपूर्ण अध्ययन काल में निजी प्रेक्टिस अंशकालिक नौकरी या अन्य सेवा करने की अनुज्ञा अमान्य होगी।

### कई बड़े अस्पतालों में अटैच

*शासकीय सेवा में रहने वाले अधिकतर डाक्टर अपनी प्राइवेट प्रेक्टिस करते हैं। वहीं कई चिकित्सक बड़े अस्पतालों का संचालन करते हैं। गुरुवार को जारी किए आदेश के बाद निजी प्रेक्टिस करने वाले कई डाक्टरों के बीच हड़कंप मच गया है, क्योंकि वे सरकारी से ज्यादा वक्त अपने निजी अस्पतालों को देते हैं।*

# निकाय-पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण के लिए सर्वे शुरू, आयोग ने मंगाए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि न्यूजःरायपुर। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग द्वारा प्रदेश में पिछड़ा वर्ग समुदाय के कल्याण को ध्यान में रखते हुए उनके आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनैतिक भागीदारी पर अध्ययन करने का निर्णय लिया गया है। आयोग अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा की अध्यक्षता में 12 अगस्त से सर्वे का काम प्रारंभ हो गया है। आयोग द्वारा पिछड़ा वर्ग में शामिल जाति-समूह के संदर्भ में यदि कोई शोध अध्ययन करना चाहते हों, तो ऐसे शोधार्थी 30 सितम्बर तक आयोग को आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पिछड़ा वर्ग समुदाय के कल्याण के लिए छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन किया गया है। इस आशय के अधिसूचना छत्तीसगढ़ राजपत्र में 27 जून 2020 को प्रकाशित भी की गई है। राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग में कुल 87 जाति समूह को शामिल किया गया है, जिसकी सूची छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की वेबसाईट पर में उपलब्ध है।

शासन द्वारा आयोग के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए आरएस विश्वकर्मा को अध्यक्ष, निलाम्बर नायक, हरिशंकर यादव, यशवंत वर्मा, कृष्णा गुप्ता, श्रीमती शैलेन्द्री परगनिहा को सदस्य मनोनीत किया है। आयोग के अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर आयोग द्वारा राज्य शासन को उक्त अधिसूचना के क्रमांक 02 अंतर्गत पिछड़ा वर्ग समूहों के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनैतिक सहित अन्य विषयों पर अध्ययन कर शासन को सुझाव प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया है।

### सरकार को सौंपी जाएगी रिपोर्ट

आयोग द्वारा बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार प्रदेश में पिछड़े वर्ग की वर्तमान सामाजिक, शैक्षणिक तथा आर्थिक स्थिति का अध्ययन, शासन के विभिन्न विभागो की संरचना एवं योजनाओं में पिछड़े वर्ग की भागीदारी की वर्तमान स्थिति का अध्ययन कर रिपोर्ट शासन को सौंपा जाएगा।

### आयोग करेगा ये काम

यह आयोग निकायों और पंचायतों में ओबीसी आरक्षण तय करने के संबंध में अध्ययन करेगा। इसमें इसी प्रकार राज्य की शैक्षणिक संस्थाओं में पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों को मिल रहे लाभों का अध्ययन। राज्य में पिछड़े वर्ग के युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का आंकलन तथा इसमें वृध्दि की उपाय, राज्य में पिछड़े वर्ग की युवाओं हेतु कौशल उन्नयन कार्यकमों तथा प्रशिक्षण के संचालन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा। पिछड़े वर्ग के सामाजिक, शैक्षणिक तथा आर्थिक कल्याण हेतु अन्य उपाय तथा अनुशंसा भी की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य में त्रि-स्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन में अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व एवं आरक्षण के संबंध में अध्ययन कर रिपोर्ट से राज्य शासन को अवगत कराया जाएगा।

## एनएसयूआई ने 5 मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

# देवेंद्र यादव और कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी का विरोध, कलेक्टोरेट के बाहर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधायक देवेंद्र यादव सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार को एनएसयूआई ने राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट के मुख्य गेट के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने गिरफ्तार विधायक एवं कांग्रेसियों पर लगी आपराधिक धाराएं हटाने, सतनामी समाज के पूज्य जैतखाम को क्षति पहुंचाने के मामले में सीबीआई जांच कराने सहित अन्य मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। एनएसयूआई



ने बलौदाबाजार आगजनी मामले में विधायक देवेंद्र यादव सहित अन्य कांग्रेसियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने के विरोध में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपने की घोषणा की थी। इस घोषणा के तहत सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन कर कलेक्टरों को ज्ञापन भी सौंपा गया। राजधानी रायपुर में भी प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कलेक्टोरेट पहुंचे थे, लेकिन मुख्य गेट पर ही बैरिकेड्स के साथ तैनात पुलिस बल ने कार्यकर्ताओं को रोक लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गेट के सामने सड़क पर जमकर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के दौरान 5 सूत्रीय मांग को लेकर उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने कहा कि गत दिवस अमर गुफा में सतनामी समाज के पूज्य जैतखाम को काटा जाना अत्यंत ही शर्मनाक घटना थी जिसके चलते पूरे सतनामी समाज की भावनाओ को ठेस पहुंची है।

इस मामले में पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई से समाज संतुष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सीबीआई जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार आगजनी घटना मामले में भी निर्दोष कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि उनकी मांगें अगर पूरी नहीं हुई, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### इन मांगों को लेकर सौपा ज्ञापन

- सतनामी समाज के पूज्य जैतखाम को क्षति पहुंचाने के मामले में समाज की मांग अनुरूप सीबीआई जांच करवाई जाए
- विधायक देवेंद्र यादव, एनएसयूआई के निर्दोष छात्र नेताओं पर लगे आपराधिक धाराएं हटाई जाए
- आगजनी मामले की निष्पक्ष जांच के लिए न्यायालय के अधीन पृथक टास्क फोर्स गठित की जाए
- विधायक देवेंद्र यादव के प्रकरण में संलिप्त पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की भी जांच हो जिससे एक चुने हुए जनप्रतिनिधि की गरिमा को जो ठेस पहुंचाई गई है, उसका पर्दाफाश हो सके।
- भाजपा के पूर्व विधायक एवं जिलाध्यक्ष सनम जांगड़े ने बलौदाबाजार आगजनी घटना के पूर्व उग्र आंदोलन की बात कही थी।घटना स्थल में उनकी मौजूदगी भी थी, लेकिन उन्हें बचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस प्रकरण में भाजपा नेता से भी पूछताछ होनी चाहिए।

### कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 तक आवेदन आमंत्रित

**रायपुर।** डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार वर्ष 2024 के लिए कृषकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र संबंधित जिले के उप संचालक कृषि एवं विकासखण्ड स्तर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से निशुल्क ले सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र को संबंधित जिले के उप संचालक कृषि एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ सफलता की कहानी प्रस्तुत करेंगे। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। उसके बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। कृषक रत्न पुरस्कार की राशि 2 लाख रुपए एवं प्रशस्तिपत्र प्रदान किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### भगवान झूलेलाल का चालीहा समापन, भंडारा आज

**रायपुर।** पूज्य सिंधी पंचायत राजेंद्रनगर, अमलीडीह, महावीर नगर द्वारा 24 एवं 25 अगस्त का भगवान झूलेलाल के चालीहा समापन के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम रखे गए हैं। इस संबंध में पंचायत के मुखी गिरीश लहेजा ने बताया कि शनिवार को सुबह 9 बजे भगवान झूलेलाल की आरती होगी, तत्पश्चात 12 बजे से भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया है। दूसरे दिन रविवार को शाम 4 बजे बहराणा साहिब 56 फीट श्री झूलेलाल भगवान की प्रतिमा के सामने से निकालकर पुरैना तालाब में विसर्जित किया जाएगा।



### लगाए पौधे, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**रायपुर।** बेटी बचाओ मंच विप्रनगर के पदाधिकारियों ने आसपास के घरों के उद्यानों में पपीता, बिही, रातरानी, गुड़हल, बेला व अन्य फल-फूलदार पौधे लगाए। वहीं तालाब किनारे आम, जामुन, बेल के पौधे लगाए। इस अवसर पर मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने पदाधिकारियों को पर्यावरण संरक्षण तथा संवर्धन की शपथ दिलाई। आयोजन में मुख्य रूप से विप्रनगर अध्यक्ष शशि यादव, उपाध्यक्ष नमिता डडसेना, रश्मि कश्यप, प्रचार सचिव लीना सिन्हा सहित पदाधिकारी श्रद्धा उपाध्याय, रीता शर्मा, सीमा कश्यप, कविता शर्मा, आरती जैन, भावना ग्वाल व सदस्य शामिल हुए।

### कोलकाता केस, निकाला कैंडल मार्च, दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** कलकत्ता में महिला चिकित्सक से हुई दुखद घटना के विरोध में दोषियों को सख्त सजा दिलाने रायपुर ब्राइट फाउंडेशन ने कैंडल मार्च निकाला एवं दिवंगत चिकित्सक को श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्था के अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत, डॉ. मनोज ठाकुर, बिहारी लाल शर्मा, प्रवक्ता चेतन चंदेल, राजू साहू, रोटरी क्लब के अध्यक्ष नामोचंद मोरियानी, अन्नपूर्णा शर्मा, अरुणा यादव, रामभरोसे अग्रवाल, छबिलाल सोनी, राज श्रीवास, राजू श्रीवास, रमेश दाऊलाल श्रीवास, नारायण प्रसाद सेन आदि ने इस जघन्य कांड के आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की।

## निधन

### रमेश कुमार मोदी

**रायपुर।** दलदल सिवनी मोवा ग्रीन ऑर्चिड निवासी रमेश कुमार मोदी (80) का 23 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 24 अगस्त को दोपहर 1 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अमिताव मोदी के पिता थे।



# आठ बार टेंडर पर निगम की 208 दुकानें लीज पर लेने में व्यापारी नहीं ले रहे रुचि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

रायपुर निगम प्रशासन ने आय बढ़ाने के लिए शहर के अलग-अलग क्षेत्र में 32 स्थानों पर व्यावसायिक मार्केट विकसित करते हुए 4060 दुकानों और हाल का निर्माण करवाया है। इनमें से जिन दुकानों को लाइसेंसी प्रक्रिया के तहत व्यापारियों को देने के लिए प्रक्रिया की गई, उनको लेने में ही रुचि ली। जिन दुकानों को 10 से 30 साल के लिए लीज पर देने के लिए पांच साल में 8 बार टेंडर किया, उन्हें लेने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। इससे 208 दुकानें खाली हैं। राजधानी में निगम ने विभिन्न मार्गों पर व्यावसायिक बाजार डेवलप करने के बाद कमाई बढ़ाने का प्रयास तो किया है, लेकिन इनमें सात मार्केट में दुकानें खाली पड़ी हैं। इसकी पड़ताल में पता चला कि निगम ने जिन दुकानों को लाइसेंसी प्रक्रिया के तहत व्यापारियों को देने की मुहिम चलाई, उसे लोगों ने लिया है। वहीं जिन दुकानों को लीज पर देने के लिए पांच साल में आठ बार टेंडर किया, वे अभी तक विरान पड़ी हैं। इनमें जयस्तंभ चौक स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में विकसित किया गया हाल भी शामिल है। इससे कमाई की उम्मीद में निगम के पास बार-बार टेंडर निकालने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। इसके बाद भी कोई रिस्पांस नहीं मिल रहा हैं। इससे निगम की कमाई अटकने के साथ ही हर साल मेंटेनेंस पर लाखों रुपए खर्च करना पड़ रहा है।

## रायपुर निगम 5 साल से कर रहा प्रयास पर सिर्फ लाइसेंसी दुकानें ही हुई बुक

### इस वजह से रिस्पांस नहीं

लीज पर निगम की दुकानों को लेने में लोग रुचि क्यों नहीं ले रहे हैं, इसकी वजह जांचने पर पता चला कि निगम ने लीज की राशि अलग-अलग क्षेत्र के लिए लाखों रुपए तय की हैं। इसके चलते कम लागत में व्यवसाय शुरू करने की इच्छा रखने वाले मार्केट की खाली दुकानों को रिस्पांस नहीं दे रहे हैं, क्योंकि उससे कम में उन्हें किराए की दुकान आसानी से मिल रही है। इसके चलते वे निगम के द्वारा विकसित किए गए बाजार में जाने से बच रहे हैं। इसका खामियाजा निगम को वर्षों से भुगतना पड़ रहा है। मार्केट की इन दुकानों को व्यवस्थित करने मेंटेनेंस भी करवा रहे हैं।



### यहां की दुकानें वर्षों से खाली

निगम ने शहर में निर्मित मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना की 948 में से 100 दुकानें पांच साल में किसी को 10 साल की लीज पर देने की मुहिम में सफल नहीं हुआ। वहीं जवाहर बाजार की 168 में से 16 दुकानों को व्यापारी रिस्पांस नहीं दे रहे हैं। क्रिस्टल आर्केट व मोहबा बाजार के पास विकसित किए गए मार्केट में भी 31 में से 23 दुकानें विरान है। अग्रसेन चौक मंगलम भवन के पास 88 में से 05 दुकानें खाली हैं। गांधी मैदान की 84 में से 62 दुकानें वर्षों स टेंडर का हिस्सा हैं। कंकालीपारा में एक दुकान तो जयस्तंभ चौक स्थित मल्टी लेवल पार्किंग का हाल भी खाली है।

### फिर करेंगे टेंडर

जिस-जिस क्षेत्र की दुकानें खाली हैं, उन्हें लीज पर देने के लिए जल्द ही जरूरी सुधार करवाया जाएगा। इसके बाद फिर से टेंडर प्रक्रिया की जाएगी। इसके पहले दुकानों की जांच करवाने के बाद जरूरी काम करवाने के लिए दिशा-निर्देश दिया है।

- आरके डोंगरे, उपायुक्त, बाजार विभाग, नगर निगम, रायपुर

## हाईकोर्ट ने पूछा- क्या अभी भी बिलासपुर जोन में स्पेशल बनकर चल रही ट्रेनें?

# कोरोना खत्म, पर लोकल ट्रेनों से नहीं हटा स्पेशल टैग, कभी रद्द तो कहीं हो जाती है खड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अब भी लोकल ट्रेन स्पेशल बनाकर चलाई जा रही है, जबकि रेलवे ने सभी मेल एक्सप्रेस ट्रेनों से स्पेशल टैग पहले ही हटा दिया गया है। लोकल से यह टैग जोन ने अभी तक नहीं हटाया है। इसको लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जनहित याचिका पर सुनवाई हुई, जिसमें हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने पूछा कि क्या अभी भी बिलासपुर जोन में स्पेशल बनकर चल रही हैं ट्रेनें। सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डीआरएम को शपथपत्र के साथ जानकारी पेश करने के निर्देश दिए हैं। हरिभूमि ने स्पेशल टैग को लेकर पड़ताल की। याचिकाकर्ता अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव का कहना है कि ट्रेन के विलंब से चलने का डाटा रेलवे बोर्ड को केवल नियमित ट्रेनों का दिया जाता है। स्पेशल ट्रेन अगर कितनी भी विलंब से चले इसका डाटा बोर्ड तक नहीं पहुंचता है। बीते कुछ महीने में जोन में सार्वाधिक लोकल ट्रेनों को रद्द किया है। स्पेशल टैग होने से जोन अपनी सुविधा अनुसार रद्द कर देता है। बाकी नियमित ट्रेनों को रद्द रेलवे बोर्ड द्वारा किया जाता है।

- मेल एक्सप्रेस ट्रेनों से रेलवे ने हटा दिया है स्पेशल टैग, लोकल अब भी स्पेशल बनकर चल रही



### आउटर में खड़ी रहती है घंटों ट्रेन

स्पेशल टैग होने से रेलवे बोर्ड तक लोकल ट्रेन के लेटलतीफी का डेटा नहीं भेजा जाता है। इसका फायदा का रेलवे का ऑपरेटिंग विभाग उठाता है। विलंब एक्सप्रेस ट्रेनों का समय सुधारने के लिए आउटर में ट्रेनों को घंटों रोका जा रहा है। स्पेशल टैग हटने से जोन को बाकी ट्रेनों की तरह लोकल ट्रेन का डाटा देना होगा।

### डिप्टी सॉलिसिटर की जानकारी को याचिकाकर्ता ने ठहराया गलत

*रेलवे की तरफ से उपस्थित डिप्टी सॉलिसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा ने कोर्ट को बताया कि 21 फरवरी 2024 से रेलवे बोर्ड ने सभी पैसेंजर और लोकल और मेमू ट्रेनों को भी रेगुलर ट्रेन के रूप में चलने का आदेश दे दिया है और वह इस बिलासपुर जोन पर भी लागू है। इस पर याचिकाकर्ता अधिवक्ता ने कहा कि उसने आज ही एक शपथ पत्र दाखिल कर यह बताया है कि अभी भी बिलासपुर जोन में पैसेंजर लोकल और मेमू ट्रेन स्पेशल ट्रेन के रूप में ही चलाई जा रही है और इनका नंबर जीरो से शुरू होता है, जो रेलवे में इस बात को बताता है कि उक्त ट्रेन स्पेशल ट्रेन है।*

### स्पेशल ट्रेन के परिचालन में अफसरों की दखलंदाजी

याचिकाकर्ता अधिवक्ता श्रीवास्तव ने बताया कि स्पेशल ट्रेन होने के कारण उसका कोई भी समय और स्टॉपेज या उसका चलना पूरी तरह रेलवे अधिकारियों के हाथ में होता है। स्पेशल ट्रेन के परिचालन में अचानक बदलाव कर दिए जाते हैं। इस कारण भी यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। सुनवाई के बाद हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के डीआरएम को नोटिस जारी कर पूछा है कि क्या अभी भी रेलवे बोर्ड के आदेश के बाद पैसेंजर लोकल और मेमू ट्रेन स्पेशल ट्रेन के रूप में ही चलाई जा रही है और अगर ऐसा है तो ऐसा क्यों किया जा रहा है। शपथ पत्र के साथ जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। जवाब दाखिल करने के लिए डीआरएम को एक सप्ताह का समय दिया गया है। अंतिम सुनवाई उसके बाद होगी।

# मलेरिया पीड़ित ने तोड़ा दम, अस्पताल पर लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मलेरिया और निमोनिया से पीड़ित होने के बाद इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल पहुंचे मरीज की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि युवक को सही समय पर दवा नहीं मिली, जिसकी वजह से उसकी जान चली गई। समझादश के बाद परिवार वाले शव लेकर चले गए। जानकारी के अनुसार मूलतः ओडिशा का रहने वाला तेजू महानंद स्टेशन रोड की फैक्ट्री में काम करता है। बताया जाता है कि पिछले तीन-चार दिनों से उसकी तबीयत खराब थी, गुरुवार को स्थिति ज्यादा खराब होने पर फैक्ट्री प्रबंधन से जुड़े लोग उसे निजी अस्पताल ले गए। जांच के दौरान उसे मलेरिया और निमोनिया होने का पता चला। गंभीर स्थिति को देखते हुए निजी अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे भर्ती करने की सलाह दी। कंपनी प्रबंधन के लोग तेजू को निजी अस्पताल में भर्ती करने के बजाए आंबेडकर अस्पताल ले आए। इमरजेंसी में जांच के बाद उसे वार्ड नंबर आठ में भर्ती किया गया था, जहां आज सुबह उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। तेजू के साथ अस्पताल में मौजूद शमीम खान सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया है कि अस्पताल में सही तरीके से उपचार नहीं मिला। कल दोपहर भर्ती किए गए मरीज को आज सुबह देखने के बाद डाक्टर ने एक दवा लिखी, मगर नर्सिंग स्टाफ ने दवा देने में गंभीरता नहीं दिखाई, जिसकी वजह से काफी समय तक तड़पने के बाद तेजू की मौत हो गई। इस मामले में अस्पताल प्रबंधन का तर्क है कि तेजू महानंद को गंभीर स्थिति में इलाज के लिए लाया गया था। उसे आवश्यक इलाज दिया गया, मगर उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। समझाइश के बाद मान गए और शव लेकर चले गए।

- परिजनों का आरोप- आंबेडकर अस्पताल में सही समय पर दवा नहीं मिली

# तीन सौ वर्गफीट शासकीय भूमि पर बनी अवैध दुकान तोड़ी गई



रायपुर न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के जोन-4 क्षेत्र अंतर्गत सारथी चौक के पास तीन सौ वर्गफीट शासकीय भूमि पर कब्जा कर वहां बनाई गई अवैध दुकान को नगर निगम टीम ने तोड़कर हटाने की कार्रवाई की।

ब्राम्हणपारा वार्ड क्रमांक 44 के सारथी चौक के पास लगभग 3 सौ वर्गफीट शासकीय भूमि पर एक व्यक्ति ने दुकान बनवा ली थी। इस संबंध में जोन कार्यालय में शिकायत की गई थी। इस शिकायत पर निगम अधिकारियों ने जब भूमि का पता लगाया, तो पता चला कि भूमि शासकीय है, जिस पर अवैध रूप से दुकान का निर्माण किया गया है। शासकीय भूमि पर अवैध रूप से दुकान बनाने वाले को 7 सौ वर्गफीट की भूमि पट्टे पर आबंटित हुई है।

इस भूमि के अलावा व्यक्ति ने 3 सौ वर्गफीट शासकीय जमीन पर भी कब्जा कर लिया था। इस मामले में निगम ने व्यक्ति को अवैध कब्जा हटाने के लिए 3 बार नोटिस भी जारी किया था। इसके बाद भी शासकीय भूमि को खाली नहीं किया जा रहा था। अधिकारी शुक्रवार को उड़नदस्ता टीम के साथ मौके पर पहुंचा और अवैध दुकान को जेसीबी से तोड़कर हटाने की कार्रवाई की।

## डीडी राशि जमा नहीं करने पर राशन दुकान सस्पेंड

**रायपुर।** जिला खाद्य विभाग ने डीडी राशि जमा नहीं करने के मामले में एक राशन दुकान को सस्पेंड कर दिया है। दुकान का संचालन महिला शक्ति स्वसहायता समूह द्वारा किया जा रहा था। जिला खाद्य नियंत्रक भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के संचालक के निर्देश है कि राशन दुकान के संचालकों द्वारा डीडी राशि समय पर जमा कराई जाए। समय पर डीडी राशि जमा नहीं करने से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में बाधा उत्पन्न होती है। विभाग के इस निर्देश के परिपालन में राशन दुकान समय पर डीडी राशि जमा करा रहे है या नहीं इसका निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर से जानकारी मिली कि गुढ़ियारी स्थित 441001335 आईडी की राशन दुकान द्वारा 26 हजार रुपए की डीडी राशि समय पर जमा नहीं कराया है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 के अधिनियम 1955 की धारा 3,7 के अंतर्गत यह दंडनीय है, इसलिए इस मामले में दुकान को निलंबित किया है।

## निधि आपके निकट 27 को

**रायपुर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा 27 अगस्त को निधि आपके निकट के अंतर्गत छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी 33 जिलों में कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान समस्त नियोक्ताओं, अंशधारकों, पेंशनरों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं, शिकायतों के निराकरण के लिए जिला नोडल अधिकारी से संपर्क करने कहा गया है।

## रिश्वत मामला, सरपंच की जमानत अर्जी खारिज

**रायपुर।** जमीन के नक्शे और एनओसी देने के लिए 18 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़े गए डोमा ग्राम पंचायत के सरपंच देव सिंह बघेल का कोर्ट ने जमानत आवेदन खारिज कर दिया है। आरोपी ने स्वयं को निर्देश बताते हुए झूठे मामले में फंसाए जाने की बात कहते हुए जमानत का लाभ दिए जाने कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। अभियोजन पक्ष ने इसका विरोध करते हुए अदालत को बताया कि सरपंच देव सिंह बघेल और सचिव धर्मेंद्र कुमार जायसवाल को जांच एजेंसी ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा था। जमानत दिए जाने पर वह जांच को प्रभावित कर सकते हैं। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद जमानत आवेदन को खारिज कर दिया।

## पेज 9 के शेष

### मच्छरदानी में कैद...

निवास की योजना बनाई गई थी, मगर इस पर फंड के अभाव में काम ही शुरू नहीं हो पाया। परिजनों की समस्या जस की तस बनी हुई है और उन्हें बारिश सहित हर मौसम में पार्किंग में वाहनों के पीछे बैठकर अपना वक्त गुजारना पड़ता है। अस्पताल परिसर में जगदलपुर से आए सुकराम के बताया कि उनका भाई किडनी की बीमारी से पीड़ित है और पिछले महीनेभर से वहीं इलाज के लिए भर्ती है। गांव आने-जाने में काफी पैसे खर्च होते हैं, इसलिए उन्होंने यहीं डेरा जमाया हुआ है। उन्होंने कहा कि सामान्य मौसम में तो रात ठीक-ठाक बीत जाती है, मगर बारिश होने के कारण उनकी परेशानी दोगुनी हो जाती है। उनके साथ करीब बीस परिवार पार्किंग में मौजूद हैं, जो अस्पताल के भीतर इलाज कराने वाले अपने परिजनों के ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं।

### दिनभर चलता रहा...

हुई है और इसी प्रकार का मौसम माना इलाके में भी बना रहा। शनिवार को भी राजधानी समेत प्रदेश के कई इलाकों में हल्की से मध्य बारिश हो सकती है। बरसात का प्रभाव मुख्यतः मध्य छत्तीसगढ़ रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में कटघोरा में 11 सेमी. बारिश दर्ज की गई है। वहीं अधिकतर इलाकों में हल्की से मध्यम वर्षा होती रही। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में मानसून की गतिविधि सामान्य रहने की संभावना है।

### एडीजी जीपी सिंह के...

आठ जुलाई को श्री सिंह के खिलाफ कोतवाली थाना में राजद्रोह का मुकदमा कायम किया गया। राजद्रोह का मुकदमा दर्ज होने के दूसरे दिन नौ जुलाई 2021 को श्री सिंह ने बिलासपुर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर अपने खिलाफ लगे आरोपों को पॉलिटिकल विक्टमाइजेशन का केस बताया। वहीं, आय से अधिक संपत्ति और राजद्रोह के मामले में ईओडब्लू ने उन्हें गुड़गांव से गिरफ्तार किया था। वे लंबे समय तक जेल में रहे। फिर सरकार की सिफारिश पर एमएचए ने उन्हें फोर्सली रिटायर कर दिया था।

### विनोद कुमार शुक्ल को...

सोच में कभी आया भी नहीं। साहित्य अकादमी के अधिकारी सम्मान देने मेरे घर आए। मुझे घर में यह सम्मान मिला। इस सम्मान के लिए अकादमी का आभार व्यक्त करता हूं। इसके साथ ही शुक्ल ने कहा कि इससे पहले यह सम्मान कृष्णा सोबती जी को मिला था, जो मुझसे बड़ी लेखिका रही हैं। इस सम्मान का अंदाजा लगाना मुश्किल था।

कई सम्मान और पुरस्कार

कविता और उपन्यास लेखन के लिए गजानन माधव मुक्तिबोध फेलोशिप, रजा पुरस्कार, वीरसिंह देव पुरस्कार, सृजन भारती सम्मान, रघुवीर सहाय स्मृति पुरस्कार, दयावती मोदी कवि शिखर सम्मान, भवानीप्रसाद मिश्र पुरस्कार, मैथिलीशरण गुप्त सम्मान, पं. सुन्दरलाल शर्मा पुरस्कार जैसे कई पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके विनोद कुमार शुक्ल को उपन्यास 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' के लिए 1999 में 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार भी मिल चुका है। हाल के वर्षों में उन्हें मातृभूमि बुक ऑफ द ईयर अवार्ड भी दिया गया है।

### गायक हंसराज के...

कार्यक्रम की तिथि आगे बढ़ाई गई। इसके बाद हंसराज की ईवेंट कंपनी ने पैसा देने से इनकार कर दिया। अश्विनी नगर निवासी प्रगति पाण्डेय के मुताबिक वह 99 ईवेंट के नाम से ईवेंट कंपनी संचालित करती हैं। प्रगति ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसने 11 जून 2023 को इंडोर स्टेडियम में हंसराज रघुवंशी के कार्यक्रम करने एमओयू किया था। इसके लिए प्रगति ने हंसराज की एंटरटेमेंट कंपनी अर्बन लाइव एंटरटनमेंट को तीन किस्तों में 5 लाख रुपए नकदी सहित 10 लाख रुपए आरटीजीएस में माध्यम से दिए थे। प्रगति ने 31 मई को कार्यक्रम आयोजित करने पहले एमओयू किया था। इसके बाद हंसराज की एंटरटेनमेंट कंपनी ने 27 मई को कॉल कर कार्यक्रम आगे बढ़ाने नया एमओयू किया। तब कार्यक्रम 11 जून 2023 को कराने का दोनों पक्षों ने निर्णय लिया

तय शुल्क में वृद्धि की हामी भरने के बाद भी नहीं पहुंचे

प्रगति के मुताबिक कार्यक्रम आयोजित करने पूर्व में उनकी 13 लाख में डील हुई थी, कार्यक्रम की तिथि आगे बढ़ने के बाद हंसराज की एंटरटनमेंट कंपनी ने शुल्क में वृद्धि करते हुए 18 लाख रुपए की मांग की। ज्यादा फीस देने को राजी होने के बाद भी प्रगति ने हंसराज द्वारा प्रस्तुतिकरण देने नहीं पहुंचने का आरोप लगाया है।

कार्यक्रम स्थगित होने के बाद रकम लौटाने से किया इनकार

प्रगति के अनुसार पहली बार कार्यक्रम स्थगित हंसराज के एंटरटेनमेंट कंपनी ने किया। दूसरी बार जिस तारीख में हंसराज का इनडोर स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित होना था, उसी तिथि के आसपास कांग्रेस का संभागीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसकी वजह से नगर निगम ने इनडोर स्टेडियम की बुकिंग कैंसिल कर दी। प्रगति के मुताबिक नियम शर्तों के मुताबिक किसी कारणवश कार्यक्रम स्थगित होने की स्थिति में नई तिथि देने के साथ पैसा वापस करने की शर्त है। शर्त के अनुसार हंसराज ने एडवांस रकम न लौटाकर उसके साथ ठगी की है।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईशतहार //**

ग्राम जुलूम प.ह.नं. 02
रा.प्र.क्र. 202408116300021/अ-6 (अ)
वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक केशलाल कौशल पिता स्व. श्री बिसरू राम कौशल निवासी ग्राम रवेली उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 465, 483/1, 462/1, 460/14, 461/1, 485, 484/2 463, 464 का भाग कुल रकबा 5460 वर्गफुट भूमि परिवर्तित बी-1 मे आवेदक के नाम पर दर्ज है। वर्तमान मे उक्त भूमि ऑनलाइन कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज नही है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि को ऑनलाइन कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में पेश करने पर प्रकरण प्रारंभ किया गया। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 29/08/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 14/08/2024 को जारी किया गया।

मुहर

अति. तहसीलदार
तहसील खोरपा



**// आम सूचना //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा ने विक्रेता भूमिस्वामी श्रीमती चंदा यादव, पति श्री शंकरलाल यादव, पता यादव निवास, तिरंगा चौक, सोनकर कन्स्ट्रक्शन गली, कुशालपुर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की पुराना प्रचलित आबादी भूमि मय मकान जो कि वाके मौजा चिरहुलडीह, वार्ड क्र.- 38. प.ह.नं.- 52, रा.नि.मं-रायपुर-2 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है जिसका आबादी खसरा नंबर- 993 का भाग, जिसके भूतल एवं प्रथम तल पर पक्का मकान निर्मित है। जिसका म्यु. मकान नंबर- RPR516E00635. पुराना म.नं.- 348/1 रकबा- 16x31=496 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि देकर इकरारनामा निष्पादन कर चुका है, केवल बैनामा निष्पादन एवं पंजीयन की कार्यवाही शेष है ।

अतः उक्त संव्यवहार से जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, साहूकार, शासकीय अथवा गैर शासकीय निकाय, निगम, पारिवारिक सदस्य एवं अन्य को कोई दावा या आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिनों के भीतर मय दस्तावेज के लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेंवे, केवल आम सूचना का खण्डन मान्य नही होगा। म्याद बाद की गयी दावा या आपत्ति इस आम सूचना के समक्ष अवैध व शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी, एवं मेरा पक्षकार अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन कराने के लिये स्वतंत्र होगा। सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 23/08/2024

भवदीय
श्रीकांत दाखेकर
अधिवक्ता
चंगोराभाठा, रायपुर (छ.ग.) मो.नं.- 95754 99959



**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईशतहार //**

रा.प्र.क्र./ 202408114900031/अ-6/वर्ष 2023-2024
रायपुर, दिनांक 20/08/2024
ग्राम पुरैना प.ह.नं. 67

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक रविकांत कालवीन पिता जे.एम. कालवीन निवासी म.नं. - 34/750, सेंट पाल्स स्कूल काम्पाउण्ड पुलिस लाईन के पास, बैरन बाजार, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) मो.नं.-7879189780 द्वारा इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम पुरैना प.ह.नं. 67 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 308/3 का भाग रकबा 1250 वर्गफुट भूमि आवेदक की पत्नी-श्रीमती कुसुम कालविन पति रवि कालविन के द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 03.04.2002 के माध्यम से विक्रेता/अनावेदक- मेसर्स व्ही.जी.आर. बिल्डर्स प्रोपराइटरशिप फर्म- प्रोपराइटर श्री रंजन नाथानी पिता श्री जी.व्ही. नाथानी निवासी-शांति नगर, रायपुर (छ.ग.) स्वयं एवं मुख्त्यार आम वास्ते-श्रीमती किरण अठवानी पति श्री सुनील अठवानी निवासी- लाखेनगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से क्रय स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया। उक्त भूमि भूलवश क्रयशुदा उपरांत नामांतरण नहीं कराया था जिसके कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में विक्रेता- किरण पति सुनील अठवानी के नाम पर दर्शित हो रहा है। आवेदक की पत्नी-श्रीमती कुसुम कालवीन पति रवि कालवीन की मृत्यु दिनांक 13.06.2002 को हो गई है, मृत्यु उपरांत उनके कोई विधिक वारिसान में रविकांत कालवीन (पति/आवेदक) तथा ईशा निर्मल दास, निधी मोरिषा कालवीन, दिशा कालवीन (पुत्रीगण) हैं। अतः प्रश्नाधीन भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर विक्रेता का नाम विलोपित किए जाने तथा वारिसान हक में मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर आवेदकगणों का नाम दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 09/09/2024 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
रायपुर



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18 तहसील व जिला-रायपुर**

**// आम सूचना //**

जारी दिनांक 21/08/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बनरसी प.ह.नं. 79 रा.नि.मं. रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक अवधेश सिंह पिता स्व. चंदन सिंह निवासी काशीराम नगर रायपुर (छ.ग.) द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 639/5 रकबा 0.0140 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. अ-21 वर्ष2023-24 आदेश दिनांक 29/07/2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन दिनांक 30/08/2024 को समय 2.00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-18



Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)


विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### 'राष्ट्र गौरव का पुनर्जागरण' विषय पर व्याख्यानमाला



**रायपुर।** पूर्व संघचालक स्व. कुंदन लाल जैन की पुण्य स्मृति में मेडिकल कॉलेज सभागार में स्मृति विचारमाला के द्वितीय पुष्प का आयोजन होने जा रहा है। विचार मंच के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्र गौरव का पुनर्जागरण विषय पर जैन समाज के गुरु विराग मुनिश्री, सुप्रीम कोर्ट के सुप्रिसद्ध अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना अपना उद्बोधन देंगे। 25 अगस्त रविवार को प्रातः 11 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में आधे घंटे का प्रश्नकाल रखा गया है। जहां उपस्थितजन अपने सवाल मुख्य अतिथियों से पूछ सकेंगे।

### गुरु बालकदास सेवा समिति ने की भोजन व्यवस्था



**रायपुर।** ग्राम बकतरा के भूतपूर्व सरपंच बोधिराम चतुर्वेदी का 18 अगस्त को निधन हो गया, उनका अंतिम संस्कार उसी शाम 6.30 बजे किया गया। इस दुखद घड़ी में ग्राम बकतरा की गुरु बालकदास सेवा समिति ने स्व. बोधीराम चतुर्वेदी को श्रद्धांजलि अर्पित की। सेवा समिति ने कपड़े के बदले पैसे देने के लिए प्रेरित किया एवं सभी मेहमानों के लिए भोजन की व्यवस्था की। भोजन व्यवस्था में जितना भी खर्च आता है, उसकी व्यवस्था समिति के सदस्य करते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता अजय वंशे ने बताया कि गुरु बालकदास सेवा समिति का हर सदस्य प्रतिमाह 50 रुपए की सहयोग राशि जमा करता है। इस दौरान अजय वंशे, महेंद्र जांगड़े, चंद्रप्रकाश भारती, डोमन सोनवानी, सुनीत सोनवानी, सुरेश चतुर्वेदी, दिनेश सोनवानी, सतीश हिरवानी, बिजेंद्र भारती, कुशाल मारकंडे आदि का सहयोग रहा।

### निगम ने सुरक्षा के लिए बिरगांव-उरला मुख्य मार्ग को किया सीसीटीवी कैमरे से लैस

# ट्रायल के लिए 3 जगह हाईमास्ट कैमरा लगाने पर 43 लाख खर्च, अब 2 थानों से मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अब बिरगांव से उरला चौक के बीच बाइकर्स की बेकाबू रफ्तार व आए दिन होने वाली मारपीट- मोबाइल लूट करने वालों की हरकते भी हाईमास्ट कैमरे में कैद होंगी। पहले इस तरह की सुविधा सिर्फ एक ही जगह थी। निगम ने सुरक्षा के लिए अब ट्रायल के तौर पर तीन जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। पायलेट प्रोजेक्ट सफल होने पर इसे विस्तार देने की प्लानिंग होगी। इन कैमरों की निगरानी दो थानों की पुलिस करने वाली है।

हरिभूमि सरोकार

बिरगांव निगम ने प्रयोग के तौर पर व्यास तालाब चौक के पास लगाए गए सामान्य कैमरे की जगह हाईमास्ट कैमरा लगाया है।इसके लिए केबलिंग सहित सारी प्रक्रिया पूरी करने में ही करीब 5 महीने लगाया। बिरगांव के मुख्य बाजार को कवर करने के लिए व्यास तालाब के अलावा बुधवारी बाजार और उरला में कर्मा माता चौक पर भी हाईमास्ट कैमरा लगाने के बाद ट्रायल की प्रक्रिया पूरी की है। सुरक्षा के लिए नई व्यवस्था बनाने पर निगम ने 43 लाख से ज्यादा खर्च किया। इसमें सबसे ज्यादा खर्च निगम को केबलिंग पर करना पड़ा, क्योंकि पहले ऐसी कोई व्यवस्था निगम प्रशासन द्वारा नहीं की गई थी। सुरक्षा के लिए किए गए प्रयोग से मुख्य मार्ग पर होने वाले अपराध ही नहीं अव्यवस्था की स्थिति में भी संबंधित थाने की पुलिस चौकसी बढाएगी।



#### इन तीन स्थानों पर कैमरे

निगम सूत्रों ने बताया कि बिरगांव निगम व पुलिस की पहल से बिरगांव के व्यास तालाब, बुधवारी बाजार व कर्मा चौक के पास सीसीटीवी कैमरा लगाया गया हैं। इनकी मानीटरिंग खमतराई व उरला थाने से होगी। हाईमास्ट कैमरों से मानीटरिंग सफल होने पर नए पाइंट पर लोगों की सुरक्षा के लिए इन्हें बढ़ाने के लिए निगम प्रशासन द्वारा शासन को प्रपोजल भेजा जाएगा। यह प्रक्रिया दोनों थानों से मिलने वाले फीडबैक के बाद किया जाएगा। कैमरे लगने से मुख्य मार्ग की सुरक्षा भी अब पहले से बेहतर हुई है।

#### ट्रायल सक्सेस होने पर बढ़ाएंगे

अभी बिरगांव से उरला चौक के बीच तीन स्थानों पर हाईमास्ट कैमरों को ट्रायल के बाद शुरू किया गया है। इनकी मानीटरिंग खमतराई व उरला पुलिस द्वारा थाने से की जाएगी। ट्रायल सफल होने पर नए स्थानों पर लगाने के लिए प्रक्रिया की जाएगी।

**- बृजेश सिंह क्षत्रिय,** आयुक्त, नगर निगम, बिरगांव

#### मुख्य बाजार हुआ सुरक्षित

इसके पहले व्यास तालाब से बिरगांव नाला के बीच निगम का मुख्य बाजार सुरक्षित नहीं था। इससे दुकानों में होने वाली चोरी, मुख्य मार्ग पर लगने वाले ट्रैफिक जाम की सूचना व्यापारियों को संबंधित थाने में देने पर व्यवस्था बहाली के लिए पुलिस बल पहुंचता था। अब उरला व खमतराई थाने से मानीटरिंग होने से औद्योगिक क्षेत्र में वाहनों का जाम लगने से लोगों को होने वाली परेशानी से राहत देने के लिए पुलिस बल खुद पहुंचेगा। लोगों को दुर्घटनाग्रस्त करके भागने वाले बाइकर्स भी पकड़ में आएंगे।

# वीआईपी ड्यूटी से लौट रही पुलिस जीप की पिकअप के साथ आमने-सामने टक्कर



- टिकरापारा टीआई सहित अन्य पांच पुलिसकर्मी घायल
- पिकअप के ओवरटेक करने के दौरान हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माना थाना क्षेत्र में वीआईपी ड्यूटी से लौट रही टिकरापारा पुलिस जीप की पिकअप वाहन में आमने-सामने टक्कर होने से टीआई सहित आधा दर्जन पुलिसकर्मी चोटिल हुए हैं। घायल पुलिसकर्मियों को उपचार के लिए रामकृष्ण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुरानी बस्ती सीएसपी राजेश देवांगन के मुताबिक पुलिसकर्मियों की हालत ठीक है, किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। घटना शुक्रवार दोपहर की है।

सीएसपी के मुताबिक केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को देखते हुए टिकरापारा पुलिस की ड्यूटी माना हेलीपैड पर लगाई गई थी। दोपहर टिकरापारा टीआई सहित पुलिसकर्मी ड्यूटी से लौट रहे थे। इसी दौरान माना बस्ती के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने एक अन्य वाहन को ओवरटेक किया। पिकअप के ओवरटेक करने के दौरान सामने से आ रही पुलिस टीम की गाड़ी के साथ सामने से टक्कर हो गई। पुलिस जीप की रफ्तार कम होने की वजह से बड़ी घटना टल गई और पुलिसकर्मियों को सामान्य चोटें आई हैं।

ज्यादातर पुलिसकर्मियों के सिर में चोटें लगी हैं। घटना के समय मौके पर उपस्थित लोगों ने घटना की जानकारी माना पुलिस को देने के साथ घायल पुलिसकर्मियों को उपचार कराने अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

# माता कौशल्या संग तीजा त्योहार राजेश्री महंत करेंगे प्रथम आरती

- मूर्ति निर्माण के लिए मिट्टी अयोध्या से लाकर सुप्रसिद्ध मूर्तिकार पीरुराम को सौंप दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



चित्रोत्पला लोककला परिषद और नगर पंचायत चंद्रपुरी जिले के ग्रामवासियों के संयुक्त प्रयास से 2 सितंबर से 7 सितंबर तक भगवान श्रीराम के ननिहाल अर्थात माता कौशल्या की जन्मस्थली चंदखुरी में आयोजित माता कौशल्या संग तीजा तिहार कार्यक्रम के पहले दिन माता कौशल्या की मूर्ति के स्थापना के समय 3 सितंबर को पहली आरती के अवसर पर दूधाधारी मठ के प्रधान राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास उपस्थित रहेंगे और पहली आरती उनके द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम के व्यवस्था के संबंध में जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और लोगों को निमंत्रण भी दिया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को अशोक तिवारी, राकेश तिवारी और डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने दूधाधारी मठ पहुंचकर राजेश्री महंतजी को निमंत्रण पत्र भेंट किया तथा उनसे 3 सितंबर की आरती में पधारने का निवेदन किया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। आयोजकों ने बताया कि इस छह दिवसीय आयोजन में प्रत्येक दिन कोई विशिष्ट अतिथि आरती के समय उपस्थित रहेंगे। इन सभी दिनों में अलग-अलग धार्मिक सांस्कृतिक गतिविधियां तो होंगी ही, साथ ही प्रसाद में केवल ठेठरी, खुरमी जैसे छत्तीसगढ़ी व्यंजन ही लोगों को वितरित किए जाएंगे। मूर्ति निर्माण के लिए मिट्टी अयोध्या से लाकर सुप्रसिद्ध मूर्तिकार पीरुराम को सौंप दी गई है। मूर्ति निर्माण लगभग पूरा हो गया है। 2 तारीख को उसकी चंदखुरी में स्थापना की जाएगी, तब से लेकर 7 सितंबर तक नियमित पूजा-अर्चना और आरती की जाएगी। कलाकार राकेश तिवारी ने आयोजन के लिए विशेष रूप से छत्तीसगढ़ी में माता कौशल्या की आरती तैयार कर रिकॉर्ड की है और उनकी सेवा में कुछ छत्तीसगढ़ी में भजन भी तैयार किए हैं।

# लोगों को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने पहल महिला पत्रकारों के लिए कक्ष बनवाने सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भगवान जगन्नाथ के प्रति बचपन से ही प्रगाढ़ आस्था रही। उनकी भक्ति करते हुए सरायपाली व रायपुर से शिक्षा प्राप्त करने के बाद 1980 में वकालत शुरू की। इंकम टैक्स से जुड़े केस देखते-देखते क्षेत्र के लोगों से मेल-जोल बढ़ा।

सरोकार से जुड़ा और छत्तीसगढ़ सर्व ओड़िया समाज का गठन करके उनके जीवन में बदलाव के साथ आस्था को सम्मान देते हुए पुरी के बाद भव्य मंदिर निर्माण के लिए पहल की। प्रभु की कृपा से जनता की सेवा का भी अवसर मिला, इन्हीं संवादों से रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा शुक्रवार को प्रेस से मिलिए में मुखातिब हुए। राजधानी में विधायक बनने के बाद लोगों को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए पहल पहली प्राथमिकता है। इसके लिए हर संभव प्रयास कर रहा हूं, इसे आगे भी जारी रखूंगा। श्री मिश्रा ने सवालों का जवाब देते हुए कहा कि उत्तर क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या इसलिए खत्म नहीं हुई, क्योंकि जिस तरह का प्रयास होना चाहिए था, वह शायद नहीं हो पाया। मेरा राजनीतिक जीवन प्रभु कि भक्ति व जनता की सेवा से जुड़ा है। अभी तक 15 करोड़ का विकास कार्य शुरू किया है। इनमें अधूरे नालों का निर्माण शामिल है। आगे कई प्रोजेक्ट लोगों को ट्रैफिक जाम से बचाने के लिए बना रहा हूं। इसमें आप लोगों की सलाह भी लूंगा । आज आपके बीच आया तो पता चला कि प्रेस क्लब में महिला पत्रकार बहनों के लिए अलग से बैठक व्यवस्था की सुविधा नहीं मिल रही है। उनके लिए अलग से कमरा बनवाने 5 लाख रुपए देने की सहमति देता हूं। मेरी इच्छा है कि पत्रकार बहनों को सर्व सुविधा युक्त बैठक व्यवस्था जल्द दे सकूं।




- उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा ने प्रेस से मिलिए में की चर्चा

## बिजनेस साइट

### वेडिंग सूत्रा एग्जीबिशन को मिला अच्छा रिस्पांस, उमड़ी भीड़, आज अंतिम दिन



**रायपुर।** दो दिवसीय वेडिंग सूत्रा एग्जीबिशन का शुक्रवार को शानदार शुभारंभ हुआ और पहले दिन ही इसे लोगों का बेहतर रिस्पांस मिला। यह प्रदर्शनी होटल सायाजी में आयोजित की जा रही है और आज शनिवार को इसका अंतिम दिन है। वेडिंग सूत्रा एक विशेष अवसर प्रदान करता है शादी की खरीदारी के लिए, जिसमें देश के प्रमुख डिजाइनरों और ब्रांड्स ने अपने नवीनतम कलेक्शंस को पेश किया है। इस प्रदर्शनी में ब्राइडल वियर, काउचर, एक्सेसरीज और लक्जरी प्रोडक्ट्स का एक व्यापक कलेक्शन प्रस्तुत किया जा रहा है। सूत्रा प्रदर्शनी भारतीय फैशन को एक नई दिशा और आधुनिकता प्रदान करने के साथ-साथ भारतीय कपड़ों की सुंदरता और आधुनिक डिजाइन को दर्शाती है। यह प्रदर्शनी रायपुर में शादी की खरीदारी को खास और यादगार बनाने के लिए एक प्रमुख मंच बन गई है।

### मैट्स यूनिवर्सिटी में ओरिएंटेशन प्रोग्राम 'आरंभ 2024' का आयोजन



**रायपुर।** मैट्स यूनिवर्सिटी ने शुक्रवार को पोस्ट ग्रेजुएशन के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम 'आरंभ 2024' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम यूनिवर्सिटी कैंपस में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों ने विद्यार्थियों को मैट्स यूनिवर्सिटी में उनके कॅरियर और विभिन्न अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान की। कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति डॉ. केपी यादव, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. दीपिका दंड और रजिस्ट्रार गोकुलानंद पांडा ने छात्रों को प्रेरणादायक भाषण दिए।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। सभी वक्ताओं और विभागों के विद्यार्थियों ने नए छात्रों को प्रोत्साहित किया।

### एससीईआरटी और मैजिक बस के बीच एमओयू



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में किशोरों को सशक्त बनाने के दूरदर्शी उद्देश्य के तहत राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद यानी एससीईआरटी ने प्रदेश के विद्यालयीन पाठ्यक्रम में जीवन कौशल शिक्षा को शामिल करने शिक्षा और कौशल में प्रमुख नॉन-प्रॉफिट संस्था मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है। एससीईआरटी डायरेक्टर आईएएस राजेंद्र कुमार कटारा और ग्लोबल सीईओ मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन जयंत रस्तोगी समेत कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ) 2023 के अनुरूप, तीन वर्षीय साझेदारी का उद्देश्य छत्तीसगढ़ में किशोरों को आवश्यक जीवन कौशल प्रदान करना है। यह कार्यक्रम पहले दो शैक्षणिक वर्षों में 800 सरकारी स्कूलों तक अपनी पहुंच स्थापित करेगा, जिसके अंतर्गत 1600 शिक्षक जीवन कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इसके बाद ये शिक्षक कक्षा 6 से 10 तक के 40 हजार छात्रों को जीवन कौशल सिखाएंगे। कार्यक्रम के तहत सबसे पहले बस्तर संभाग के कांकेर और कोंडागांव के जनजातीय और आकांक्षी जिलों में कार्य किए जाएंगे। इसके बाद राज्य के सभी 33 जिलों में प्रसार किया जाएगा। इस प्रकार राज्य के सभी किशोरों तक जीवन कौशल की व्यापक पहुंच सुनिश्चित होगी।

# छत्तीसगढ़ के निजी मेडिकल कॉलेजों की फीस तय अधिक वसूला तो होगी कार्रवाई- फीस विनियामक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के निजी मेडिकल कालेजों द्वारा अधिक फीस वसूली को लेकर प्रवेश व फीस विनियामक समिति ने अंतरिम फीस निर्धारित की है। इसके तहत तीन निजी मेडिकल कालेजों के एमबीबीएस व दो निजी मेडिकल कालेजों में संचालित स्नातकोत्तर (पीजी) सीटों के फीस तय कर दिए गए हैं। फीस वर्ष-2024 से 2027 तक के लिए लागू होगी।

#### क्लीनिकल सीटों के लिए लगेगी ये रकम

रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (रिम्स) गोढ़ी में स्नातकोत्तर की क्लीनिकल सीटों के लिए 9 लाख 84 हजार से 500 रूपए प्रति वर्ष छात्रों को फीस देनी होगी। वहीं प्री-क्लीनिकल/पैरा-क्लीनिकल के लिए प्रति वर्ष 7.92 लाख रुपये से 8.48 रुपए तक फीस तय हुई है। श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस जुनवानी भिलाई में स्नातकोत्तर की क्लीनिकल सीटों के लिए 10 लाख 54 हजार रूपए प्रति वर्ष छात्रों को फीस देने होंगे। इसी प्रकार प्री-क्लीनिकल/पैरा-क्लीनिकल के लिए प्रति वर्ष 8 लाख 48 हजार 200 रुपये फीस तय की गई है। विनियामक समिति ने निजी मेडिकल कालेजों के निरीक्षण, जांच, पड़ोसी राज्यों में प्रचलित फीस की दर और छत्तीसगढ़ की स्थिति प्रति व्यक्ति औसत आय आदि तथ्यों को देखते हुए बैठक कर फीस तय की गई है।

#### तय फीस में सभी सुविधा शामिल, अधिक नहीं ले सकते

फीस विनियामक समिति के अधिकारियों ने कहा है कि मेडिकल पाठ्यक्रम के लिए अंतरिम तय फीस में सभी सुविधाएं शामिल हैं। संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि प्रति वर्ष तय किए गए फीस में मेडिकल छात्रों से यूनिफार्म, आइडी कार्ड, लेबोरेटरी, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद, एनएसएस, भवन, फर्नीचर, उपकरण आदि मदों में कोई अतिरिक्त राशि वसूल नहीं किया जाएगा। किसी भी तरह की फीस की तय राशि से अधिक की वसूली हुई तो निजी मेडिकल कालेजों पर कार्रवाई की जाएगी।

#### सबसे अधिक फीस श्रीबालाजी में

प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति केअधिकारियों ने बताया कि श्री बालाजी इंस्टिट्यूट आफ मेडिकल साइंसेस मोवा, रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस और रिसर्च सेंटर नवा रायपुर और अभिषेक आई मिश्रा मेमोरियल कॉलेज एंड रिसर्च, जुनवानी भिलाई के लिए हुए फीस निर्धारण में सबसे अधिक श्रीबालाजी में 8 लाख 2 हजार 7 सौ रुपये प्रति वर्ष फीस तय की गई है। रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस और रिसर्च सेंटर एवं अभिषेक आई मिश्रा मेमोरियल कॉलेज एंड रिसर्च जुनवानी भिलाई दोनों इंस्टिट्यूट में एमबीबीएस पाठ्क्रम के लिए 7 लाख 45 हजार 187 रुपए प्रतिवर्ष निर्धारित किए गए है।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने आयोजित की यू-जीनियस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता




**रायपुर।** देश के प्रमुख बैंकों में से एक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर ने शुक्रवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में यू-जीनियस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के रायपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख अनुज कुमार सिंह, उप क्षेत्रीय प्रमुख सौरभ चाफेकर और प्रेम सागर सिंह भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में रायपुर, दुर्ग, भिलाई और अन्य स्थानों के लगभग 85 स्कूलों के 700 छात्रों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक चली। पहले चरण में 320 टीमों ने भाग लिया, प्रत्येक टीम में दो सदस्य थे। पहले चरण से 6 टीमों का चयन द्वितीय और अंतिम चरण के लिए किया गया। अंतिम चरण में 6 राउंड आयोजित किए गए, जिसमें डीपीएस भिलाई की टीम ने 450 अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया। रेडिएंट-वे स्कूल की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

### भामरा गार्डन में बेहतर सुविधाओं के साथ प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव



**रायपुर।** भामरा गार्डन, घुसकुंद झरने के पास स्थित एक शांति और सुंदरता से भरा स्थान है, जो पर्यटकों को प्राकृतिक सौंदर्य का अनूठा अनुभव प्रदान करता है। यह गार्डन अपनी हरियाली और विविध फूलों के लिए प्रसिद्ध है, जो यहां आने वालों को आकर्षित करते हैं। भामरा गार्डन का वातावरण अत्यंत मनमोहक है और यहां की हरियाली और रंगबिरंगे फूल सुकून और ताजगी का अहसास कराते हैं। यहां पर आप आरामदायक पूल, स्वादिष्ट खाना और कैंप फायर की सुविधा का आनंद ले सकते हैं। यह स्थान परिवार और मित्रों के साथ समय बिताने के लिए आदर्श है, जहां आप विभिन्न प्रकार के फूलों और पौधों को देख सकते हैं और एक शांत वातावरण में विश्राम कर सकते हैं।

# सीनियर सिटीजंस वेलफेयर फोरम ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




जिला चिकित्सालय परिसर पंडरी में कृषि विशेषज्ञ डॉ. जेएस उरकुरकर के मार्गदर्शन में शुक्रवार को सीनियर सिटीजंस वेलफेयर फोरम के सदस्यों ने पौधे लगाए। चिकित्सालय परिसर के चारों ओर बादाम, नीम, करंज, गुलमोहर के अलावा अन्य छायादार पौधों का रोपण किया गया।

फोरम के अध्यक्ष प्रकाश सुरावधनीवार, सचिव राजकुमार शुक्ला, उपाध्यक्ष सरोज सैफी, सहसचिव पीके चटर्जी व कोषाध्यक्ष राणा के अलावा पूर्व अध्यक्ष एसके भार्गव, कार्यकारिणी सदस्य राकेश कुमार खरे, सदस्य रमेश तिवारी, देवानंद दुबे, जेपी टिकरिहा, हरसुख भाई राठौर व जीपी गुप्ता उपस्थित रहे। विशेष व्यवस्था, सहयोग मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भंडारी, डॉ. उरकुरकर व राकेश खरे का रहा। अब तक फोरम द्वारा विभिन्न स्थानों पर लगभग 100 से अधिक विशेष प्रजाति के पौधे रोपे जा चुके हैं एवं सितंबर माह के अंत तक पौधारोपण अभियान निरंतर जारी रखेंगे तथा राजधानी में विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाएंगे।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 24 अगस्त 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



मुंबई की तर्ज पर अवधपुरी में 50 फीट...

## एग्जाम अपडेट

# 25 को प्रयोगशाला सहायक व प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती के लिए परीक्षा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 25 अगस्त को प्रयोगशाला सहायक एवं प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित की गई है। इसी परिपेक्ष्य में शुक्रवार को कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर रोजगार अधिकारी केदार पटेल ने नियुक्त परिवहन अधिकारी व पर्यवेक्षकों की कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में बैठक ली। इस बैठक में श्री पटेल ने बताया कि परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचना आवश्यक है और सभी परीक्षार्थियों की पहचान मूल पहचान पत्र के माध्यम से की जाएगी। परीक्षार्थियों की पहचान फोटोकॉपी पहचान पत्र से नहीं की जाएगी। साथ ही निर्धारित समय में परीक्षा प्रारंभ होने के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### दो पालियों में होंगी परीक्षाएं

बैठक में यह भी बताया गया कि परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों की उपस्थिति की जानकारी में किसी प्रकार की गलतियां नहीं होनी चाहिए। परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों के लिए मोबाइल फोन ले जाने पर पाबंदी रहेगी। साथ ही परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश दिलाते समय प्रवेश पत्र को भी देखा जाए। इसके अलावा परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारियां दी गईं। गौरतलब है कि प्रयोगशाला सहायक एवं प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा सुबह 10 बजे से 12.15 बजे एवं द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4.15 बजे के मध्य होगी।

## सिटी इवेंट

# विद्यार्थियों ने देखी चंद्रयान 3 की लैंडिंग रोचक जानकारियों ने बढ़ाया उत्साह



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर में शुक्रवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य व्याख्याता इसरो महाराष्ट्र यूनिट से वैज्ञानिक डॉ. साधना जैन उपस्थित रहीं। साइंस सेंटर द्वारा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से संबंधित प्रदर्शनी व चंद्रयान-3 पर आकर्षक फिल्म स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के 25-30 विद्यालय के छात्र शामिल रहे, जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को मौका दिया गया। इस अवसर पर 5 सौ से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे। इसमें विज्ञान ज्योति विद्यालय के छत्तीसगढ़, ओडिशा व मध्यप्रदेश से 220 छात्रों ने हिस्सा लिया।

### छग, एमपी और ओडिशा के छात्रों ने लिया हिस्सा

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि विधायक मोतीलाल साहू उपस्थित रहे। साथ ही साइंस सेंटर के महानिदेशक एसएस बजाज भी मौजूद रहे, जिन्होंने संबोधन में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के महत्व की जानकारी देते हुए कहा, संस्था द्वारा विद्यार्थियों में तार्किक वैज्ञानिक सोच, नवीन विचार, प्रायोगिक क्रियाकलाप एवं रचनात्मक वैज्ञानिक अभिरुचियों के विकास विषय पर कार्य किया जा रहा, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का विज्ञान के क्षेत्र में रुचि बढ़ाना है। एक दिवसीय अंतरिक्ष दिवस पर इसरो की महिला वैज्ञानिक डॉ. साधना जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहीं, जिन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यार्थियों को चंद्रयान-3 की सफलता की जानकारी दी। इसमें चंद्रयान-3 के शुरुआती दौर से लेकर अंतिम सफलता तक के सफर को बताया गया।

# डॉ. दिवाकर को फेमर फैलोशिप अक्टूबर में मणिपाल जाएंगे



**रायपुर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के सह प्राध्यापक डॉक्टर दिवाकर धुरंधर का प्रतिष्ठित चिकित्सा शिक्षा की फैलोशिप फेमर में चयन हुआ है। पूरे विश्व में 10 ऐसे प्रतिष्ठित फेमर संस्थान हैं ,जिनमें से एक मणिपाल विश्वविद्यालय मंगलौर, कर्नाटक है। इनका यही चयन हुआ है। डा. धुरंधर अपना एजुकेशन इनोवेशन प्रोजेक्ट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डिजिटल हेल्थ इन मेडिकल एजुकेशन के माध्यम से यह शोध करना चाहते हैं कि क्या एमबीबीएस करिकुलम में इस विषय को सम्मिलित किया जाना भविष्य के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होगा? और इसमें किन बाधाओं का सामना करना पड़ेगा? संस्था की ओर से डॉ. दिवाकर को इस बारे में जानकारी प्रेषित की गई है।

यह दो वर्षीय फेलोशिप प्रोगाम है, जो इंटरप्रोफेशनल प्रैक्टिस के लिए नेतृत्व क्षमताओं के विकास पर जोर देता है। इस कार्यक्रम के पहले सत्र में आवासीय कार्यक्रम और ऑनलाइन शिक्षण सत्र शामिल है। दूसरे सत्र में मॉनिटरिंग एंड डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम ऑन इंटरनेट पर होगा। तीसरा सत्र मणिपाल में होगा, जहां वे अपने फेलो और निष्कर्षो को प्रस्तुत करेंगे। चौथे सत्र में एमएल-वेब ऑनलाइन चर्चाओं में भाग लेंगे, आईपीई में आवश्यक विद्वतापूर्ण आउटपुट विकसित करेंगे, अपनी प्रगति रिपोर्ट पूरी करेंगे और एक कनिष्ठ अध्येता का सह-संरक्षण करेंगे। पहला आवासीय सत्र मणिपाल के माहे फेमर संस्थान में 16 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा।

● रंग परब में दूसरे दिन मुक्ताकांशी मंच पर नाटक कलंकार का मंचन

# समाज ने कलाकार को बताया 'कलंकार', नृत्यकार बनने पिता को खोया, फिर गांव से भगाया, लेकिन सपनों का नहीं किया त्याग

> "कलंकार एक कलाकार को बदनाम करने के लिए समाज द्वारा दिया गया नाम है। अनादिकाल से कलाकार समाज का दर्पण है, लेकिन आज भी समाज का बड़ा वर्ग उन्हें हिकारत भरी नजरा से देखता है। कलाकार के इसी दर्द को रंग परब के दूसरे दिन मुक्ताकांशी मंच पर नाटक कलंकार के जरिए प्रस्तुत किया गया। नाटक में कलाकारों के छत्तीसगढ़ी संवाद ने लोगों को गुदगुदाया भी और अंत में भावुकता से भर कर दिया।

**रायपुर।** नाटक की शुरुआत एक गांव से होती है, जहां गांव का नौजवान युवक चंदन अपनी शिक्षिका का नृत्य देखकर खुद भी कलाकार बनाने का सपने संजोता है, लेकिन समाज में नृत्य करने वाले का मतलब कलंकार था। इसलिए चंदन एक नृत्य कलाकार बने, गांववालों के साथ उसके माता-पिता भी नहीं चाहते थे। विरोध के बीच चंदन के भीतर कलाकार बनने इच्छा बढ़ती जा रही थी। स्कूल से लेकर गांव में हर किसी को यह बात पता चल गई थी कि चंदन एक नृत्यकार बनना चाहता है।





### मुश्किल वक्त में भी नहीं छोड़ा सपना

नाटक में सपनों को पूरा करने की ललक देखने को मिली। चंदन ने हर परिस्थिति में अपने सपने को पूरा करने चाहा। जब पिता की मौत हुई, उसके बाद जब समाज ने गांव से निकाल दिया, इसके बाद भी चंदन ने नृत्यकार बनने का सपना कभी नहीं छोड़ा। अपने सपनों को पूरा करने चंदन हर परिस्थित में त्याग करता गया, लेकिन कभी सपनों को त्याग नहीं किया। नाटक में कलाकारों ने कलाकार बनने के दर्द को संवाद और अभिनय के जरिए जीवंत मंचन किया। इस नाटक के निर्देशक नरेंद्र जलक्षत्रीय और सलाहकार निर्देशक विजय मिश्रा रहे।

### छत्तीसगढ़ के पद्मश्री और पद्मभूषण भी कलाकार

नाटक कलंकार सामान्य लोक कलाकार के जीवन के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित करती एक सच्ची घटना पर आधारित रहा। नाटक के जरिए संदेश दिया गया कि छत्तीसगढ़ को मिले अधिकांश पद्मश्री और पद्मविभूषण पुरस्कार कलाकारों को ही मिले हैं। यह लोगों को बताता है कि कलाकार समाज का अलंकार होता है, कलंकार नहीं। कलाकार को ईश्वर का वरदान कहा गया है।





### सदमे में पिता की चली गई जान

नाटक में दिखाया गया कि जब चंदन ने घर में नृत्यकार बनने की इच्छा के बारे में बताया, तब यह सुनकर पिता की मौत सदमे में हो गई। इसके बाद भी चंदन में नृत्यकार करने का सपना नहीं छोड़ा। जब भी उसे समय मिलता, नृत्य किया करता था। माता-पिता चाहते थे कि चंदन डॉक्टर बने। सभी ने खूब समझाने का प्रयास किया कि नृत्यकार बनना भूल जाए, लेकिन चंदन ने नृत्य को सब कुछ मान लिया था। एक दिन गांव में बैठक हुई और चंदन को समाज से निकाल दिया गया। मां भी टूट गई थी, जिसके बाद मां ने भी घर से निकाल दिया और चंदन गांव छोड़कर चला गया। चंदन के नृत्य के प्रति त्याग और समर्पण ने लोगों को प्रभावित किया।

# विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई को दें अधिक महत्व शिक्षा के साथ व्यक्तित्व का विकास भी जरूरी

**रायपुर।** ट्रिपल आईटी में नवप्रवेशी छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय आयोजन में बी-टेक, एम-टेक और पीएचडी के प्रथम वर्ष के छात्रों को शामिल किया गया। इस दौरान छात्रों को संस्थान की संस्कृति, एकेडमिक्स, प्रशासन व्यवस्था और व्यक्तित्व विकास के गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के पहले दिन 300 से अधिक विद्यार्थी व उनके परिजन उपस्थित रहे।





### नए छात्रों का बढ़ाया मनोबल

आयोजन के पहले दिन कर्टेन रैसर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डायरेक्टरेट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन की डायरेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला, विशिष्ट अतिथि फिनोलॉजी वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड की सीईओ प्रांजल कामरा उपस्थित रहीं। इस दौरान डीन प्रो. केजी श्रीनिवास ने नवप्रवेशी छात्रों को संबोधन में बधाई दी। साथ ही सीनियर बैच के छात्रों की विभिन्न उपलब्धियों को बताते हुए कहा, विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई का महत्व अधिक होता है, शिक्षा के साथ अपने व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान दें।



# शैक्षिक भ्रमण में जानी विधानसभा की कार्यप्रणाली

**रायपुर।** आंजनेय विश्वविद्यालय से कला एवं मानविकी संकाय के छात्रों ने विधानसभा का शैक्षिक भ्रमण किया। इस अवसर पर संकाय के 70 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को विधायिका की कार्यप्रणाली और उसके महत्व से अवगत कराना रहा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विधानसभा भवन, पुस्तकालय, समिति कक्ष और सेंट्रल हॉल का दौरा किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के पुस्तकालय संचालक मनीष कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को विधानसभा की संरचना, कार्यप्रणाली और विधायिका के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिया। साथ ही छत्तीसगढ़ विधानसभा के अवर सचिव जी. शेषगिरी राव ने भी विद्यार्थियों को विधायिका प्रक्रिया की जानकारी दी।

### संकाय के 70 विद्यार्थी शामिल

कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ. रूपाली चौधरी ने कहा, ये शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों को न केवल सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें व्यावहारिक अनुभव भी देते हैं, जो उनके अकादमिक और व्यक्तिगत विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. नैना तिवारी ने इस शैक्षिक भ्रमण को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। भ्रमण के दौरान कला एवं मानविकी विभागाध्यक्ष डॉ. ज्ञानेश कुमार, डॉ. दीप्ति वर्मा, विनोद सावंत, रेशमा सिंह, डॉ. यंजना और सुश्री अंकिता मिश्रा उपस्थित रहे।

## कार्नर न्यूज

इसरो के वैज्ञानिक अभिजीत किबे ने अंतरिक्ष को लेकर दी महत्वपूर्ण जानकारी

# स्पेस टेक्नोलॉजी से संभव है दूसरे ग्रह की जलवायु का भी अध्ययन, भारत किसी भी चुनौती का कर सकता है समाधान

**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में नेशनल स्पेस डे के अवसर पर में विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान निदेशक डॉ. एनवी रमना राव ने नेशनल स्पेस डे के महत्व और इसकी थीम टचिंग लाइव्स व्हाइल टचिंग द मून पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे स्पेस टेक्नोलॉजी हमारे दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि आज भारत स्पेस टेक्नोलॉजी में सम्पूर्ण विश्व में एक विशेष स्थान रखता है और स्पेस से जुडी किसी भी चुनौती का भारत की स्पेस टेक्नोलॉजी समाधान कर सकती है। आज भारत की स्पेस टेक्नोलॉजी न सिर्फ मौसम का सही अनुमान लगा पाने में सक्षम है, बल्कि दूसरे ग्रह की जलवायु का भी अध्ययन कर सकती है। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव, डीन (स्टूडेंट वेलफेयर) डॉ. नितिन जैन, अन्य फैकल्टी मेंबर्स और छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल आयोजन एविएशन क्लब के फैकल्टी इंचार्ज डॉ. एनवी स्वामीनायडू के मार्गदर्शन में किया गया।



### इसरो के गठन और उपलब्धियों की दी जानकारी

कार्यक्रम में एक ऑनलाइन स्पीकर सेशन भी आयोजित हुआ, जिसके वक्ता इसरो के वैज्ञानिक अभिजीत किबे रहे। उन्होंने इसरो में इंजीनियर के रूप में सॉलिड प्रोपल्शन और जीएसएलवी प्रोजेक्ट के मैकेनिकल इंटीग्रेशन एरिया में किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने गगनयान कार्यक्रम के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी और इस पर आधारित एक वीडियो प्रस्तुति भी दी। श्री किबे ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के पीछे की कहानी और इसके महत्व के साथ-साथ इसरो के गठन से लेकर अब तक की उपलब्धियों पर एक वीडियो प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में डीन (छात्र कल्याण) डॉ. नितिन जैन, एसोसिएट डीन (छात्र कल्याण) डॉ. एमके प्रसाद, एविएशन क्लब के फैकल्टी इंचार्ज डॉ. एनवी स्वामीनायडू, अन्य फैकल्टी सदस्य, कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे।

### अंतरिक्ष में मानव शरीर पर पड़ता है प्रभाव



कार्यक्रम में पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा और भारत-सोवियत संघ के बीच इंटरकोसमोस कार्यक्रम पर भी जानकारी दी। इसके अलावा, ग्लोबल ह्यूमन स्पेस फ्लाइट के परिदृश्य, जिसमें लियो मिशन, लुनार मिशन और स्पेस स्टेशन शामिल हैं, पर भी प्रकाश डाला गया। वैज्ञानिक अभिजीत किबे ने ह्यूमन स्पेस फ्लाइट के खतरों, जैसे कि स्पेस रेडिएशन, पृथ्वी से दूरी, ऑल्टर्ड ग्रेविटेशन और आइसोलेशन एंड कन्फाइनमेंट के प्रभावों के बारे में भी बताया। उन्होंने अंतरिक्ष यात्रा के दौरान मानव शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों पर भी चर्चा की और बताया कि कैसे स्पेस से ह्यूमन स्पेस की दिशा में परिवर्तन हो रहा है।

## सिटी लाइव

# नई शिक्षा नीति में विद्यार्थियों के लिए कई अवसर, अध्ययन में नहीं होगी समस्या



**रायपुर।** दिशा कॉलेज एवं विप्र कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में 'नई शिक्षा नीति-2020' विषय पर दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। कांफ्रेंस के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा रहे। मुख्य वक्ता डायरेक्ट्रेट ऑफ हायर एजुकेशन के डायरेक्टर प्रो. जीए घनश्याम, जॉइंट डायरेक्टर डॉ. डीके श्रीवास्तव, दिशा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एके तिवारी व विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी रहे। इस अवसर पर डॉ. कुलदीप दुबे, महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज के प्राचार्य एस. मिश्रा, रश्मि पटेल, डॉ. प्रफुल्ल व्यास, डॉ. सौम्या तिवारी, डॉ. दिव्या शर्मा, डॉ. परविंदर हंसपाल, डॉ. अरुण कुमार दुबे उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों के साथ प्रध्यापकों में बदलाव जरूरी

उठो, जागो और तब तक प्रयास करते रहो, जब तक आप अपने लक्ष्य को प्राप्त न कर लो...इस पंक्ति से डॉ. एके तिवारी ने अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा, नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के लिए कई अवसर प्रदान करेगी। इसमें छात्रों की चेतना के साथ-साथ शिक्षा पर भी अधिक जोर दिया जा रहा है। छात्रों का सर्वांगीण विकास तब संभव है, जब शिक्षक उन्हें अच्छी शिक्षा प्रदान करें। महाविद्यालय के प्राध्यापकों को भी अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है, ताकि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो सके। विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने कहा, नई शिक्षा नीति-2020 अपने आप में एक नया बदलाव है, जो प्रत्येक छात्रों के सर्वांगीण विकास के साथ उनके मूल्यों का भी विकास करेगी।

## धर्म लाइव

# साइकिल पाकर खिले चेहरे, छात्राओं ने कहा- स्कूल आने में नहीं होगी देर



**रायपुर।** शिक्षा विभाग द्वारा श्री गुजराती स्कूल में 9वीं कक्षा की पात्र छात्राओं को साइकिलें बांटी गईं। निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत स्कूल के 53 छात्राओं को साइकिलें दी गईं। इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष अशोक पटेल, सहसचिव दिनेश पटेल, विद्यालय के प्राचार्य अनीस मेमन, उप प्राचार्य प्रवीण गनोदवाले, शिक्षक कमलेश रूपारेलिया, वंदना संघवी, नरेंद्र ताड़ग, प्रवीण पटेल, वीके मिश्रा आदि उपस्थित रहे। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य अनीस मेमन ने अपने संबोधन में उपस्थित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, छत्तीसगढ़ सरकार की योजना से विद्यार्थियों को साइकिल वितरित की जा रही हैं। इसकी सहायता से दूर स्थानों से आने वाली छात्राओं को सुविधा मिलती है। विगत कई वर्षों से योजना का लाभ स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा लिया जा रहा है। योजना से छात्रों को पढ़ाई में सहायता मिल रही, जिससे वे बिना किसी समस्या से विद्यालय में आकर अपनी पढ़ाई पूर्ण कर सकते हैं।

**शिक्षा विभाग ने 53 छात्राओं को साइकिलें बांटीं**

## समाज इवेंट

# सड़क पर यातायात नियम व्यक्ति की सुरक्षा के लिए, जरूर करें पालन



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवं राजधानी पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दूसरे दिन द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं से बारहवीं तक के छात्रों को यातायात सहित अन्य विषयों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया, कार्यशाला द्वारा तीन विषयों पर अभियान चलाया जा रहा है। इसमें नशामुक्ति, ट्रैफिक नियम और स्वास्थ्य संबंधित विषय शामिल हैं।

### यातायात, स्वास्थ्य व नशामुक्ति पर कार्यशाला

शुक्रवार को आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि बीजेपी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव रहे। राजधानी ट्रैफिक पुलिस से टीके भोई ने कहा, टू व्हीलर गाड़ी चलाते समय प्रत्येक व्यक्ति को हेलमेट लगाना चाहिए, जिससे समस्या आने पर वह अपनी सुरक्षा कर सके, साथ ही हाईवे पर गाड़ी को ज्यादा तेज गति से न चलाएं। नियमित गति के गाड़ी चलाने पर किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोका जा सकता है। साथ ही ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें, यातायात नियम व्यक्ति की सुरक्षा के लिए बनाया जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. पलक अग्रवाल ने बताया, स्कूली बच्चों को हर तीन माह में टूथब्रश बदलना चाहिए। अलकशेंद्र मोगरे ने नशामुक्ति विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, वर्तमान समय में कई बच्चों को कम उम्र में ही गलत आदतें लग रही हैं, जो उनके स्वास्थ्य व आने वाले भविष्य के लिए हानिकारक हैं।

---

### युवा भजन सम्राट हंसराज प्रतियोगिता के बीच जमाएंगे रंग, दूसरे जिलों से भी पहुंचेंगी टोलियां

# मुंबई की तर्ज पर अवधपुरी में 50 फीट ऊंची दही हांडी, पानी के बौछार के बीच गोविंदा साधेंगे निशाना

'इस बार मुंबई की तर्ज पर अवधपुरी मैदान में भव्य दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता का दौर 27 की शाम 4 बजे से शुरू होने वाला है। इसे आयोजकों ने भव्य रूप देने के लिए इस बार प्रसिद्ध युवा भजन गायक बाबा हंसराज के लिए अलग से स्टेज सजाने का मन बनाया है। इनके भजनों के रंग में युवाओं की टोली 7 लाख 51 हजार का नगद इनाम पाने के लिए जमकर जोर आजमाइश करने वाली है। इसमें महिलाओं की टोली आकर्षण का केंद्र होगी। हौसला बढ़ाने के लिए दिवाकर बहनें भी रंग जमाएंगी।'



फाइल फोटो

**राजधानी में धूमधाम से उत्सव मनाने आयोजकों ने शुरू की तैयारी**

### आकर्षण का केंद्र होगा घंटा बाजा

इस बार होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए युवाओं की टोली आयोजन समिति के पदाधिकारियों के पास भी संपर्क कर सकती है। पिछले साल की तरह इस साल भी ओडिशा का घंटा बाजा विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके अलावा ग्रीस लगे खंबे व विशाल दही-हांडी को लूटते देखने के लिए भारी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावनाओं को देखते हुए पुख्ता इंतजाम किया जाएगा। आयोजन स्थल पर अतिथियों के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था रहेगी। बिजली-पानी की सुविधा देने का भी प्रयास किया गया है।





### महिला गोविंदा टोली को मौका

*अवधपुरी में सार्वजनिक दही हांडी उत्सव समिति के संयोजक बसंत अग्रवाल व सह-संयोजक हेमेंद्र साहू के मार्गदर्शन में मुख्य आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि 50 लोगों से अधिक सदस्यों वाली जितनी भी टोलियों होंगी, जो मटकी फोड़ने का प्रयास करेंगी, उन्हें भी 11000 रुपए प्रोत्साहन राशि समिति की ओर से दी जाएगी। इस बार महिला गोविंदा टोली को भी प्रतियोगिता में दही हांडी फोड़ने के लिए अवसर दिया जाएगा। इसमें महिला गोविंदा टोली के लिए विशेष सुरक्षा इंतजाम भी किया जाएगा।*

**रायपुर।** गुढ़ियारी के अवधपुरी मैदान में आयोजित होने वाले दही हांडी उत्सव में अगर कोई टोली 20 मिनट के अंदर मटकी को फोड़ देता है तो उसे ईनाम के रूप में 5 लाख 51 हजार रुपए नकद मिलेंगे। महिला टोली को 2 लाख व ग्रीस लगे पोल पर चढ़ने वाले प्रतिभागी को 2 लाख रुपए नकद इनाम दिया जाएगा। प्रतियोगिता शाम को 4 बजे शुरू होगी और दही हांडी फूटने तक जारी रहेगी। दही हांडी उत्सव में इस बार सुप्रसिद्ध युवा भजन सम्राट बाबा हंसराज रघुवंशी अपनी सुरीली आवाज और दिल को छू लेने वाले भजनों की श्रृंखला सजाने के लिए आ रहे हैं। इसके अलावा प्रदेश की प्रसिद्ध युवा कलाकार गरिमा और स्वर्णा दिवाकर बहनें छत्तीसगढ़ी गीतों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगी। इनके लिए अलग से स्टेज सजाया जाएगा, जहां लोगों को बैठक व्यवस्था की सुविधा समिति द्वारा जारी किए गए पास के आधार पर दी जाएगी।



### अतिथि होंगे मुख्यमंत्री और सांसद

एम्बुलेंस और डॉक्टर्स की विशेष टीम पूरे समय तक मौजूद रहेगी। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा भी आमंत्रित हैं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर के सभी विधायकों के साथ ही पूर्व सांसद सरोज पांडेय भी मंचस्थ रहेंगी। संयोजक ने बताया कि यह आयोजन पूरी तरह से धार्मिक माहौल में सनातनी धर्मावलंबियों के बीच होगा। इसमें समिति के कार्यकर्ता भी व्यवस्था संभालेंगे।

### पारंपरिक तरीके से मनेगा उत्सव

इस बार झेरिया यादव समाज के संरक्षक माधव यादव के मार्गदर्शन में पारंपरिक तरीके से दही हांडी फोड़ का आयोजन कई जगह किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 26 की रात गिरधर गोपाल मंदिर गोवर्धन चौक के पास जन्माष्टमी उत्सव की कड़ी में रात में झूला उत्सव होगा। वहीं 27 की शाम 4 बजे ग्वाल-बाल के साथ भव्य शोभायात्रा निकलेगी। डीजे के साथ निकलने वाले ग्वालों की टोली नंदी चौक, बजरंग चौक, शंकर चौक, मठपारा, भगत सिंह चौक में 10 से 15 फीट की ऊंचाई पर लटकाई गई मटकी फोड़ेंगे।

---

# वर्धमान जैन मंदिर में 80 तपस्वियों ने कलश स्थापना के साथ शुरू किया तप

**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर स्थित वर्धमान जैन मंदिर के मेघ-सीता भवन में चल रहे आत्मकल्याण वर्षावास की प्रवचन श्रृंखला में शुक्रवार को 80 श्रावक-श्राविकाओं ने कलश स्थापना के साथ अक्षयनिधि, कषायविजय और समवसरण तप शुरू किया। इन तीनों तप में दिन में एक बार भोजन किया जाता है और शाम के पहले तक जल ग्रहण करने का नियम है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मराज बेगानी ने बताया कि तप-जप और साधना के क्रम में 29 अगस्त से 11 दिवसीय इकतीसा प्रारंभ होने जा रहा है। श्रमणतिलक विजयजी ने नरक गति के विषय में बताते हुए कहा कि आज आपके पास जितना समय है, उसमें धर्म कीजिए, अच्छा काम कीजिए। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो नरक गति में जाना ही पड़ेगा। अभी फिलहाल आपकी स्थिति ऐसी है कि नरक में जाने वाले ट्रेन की टिकट कंफर्म है, कोई वेटिंग का चक्कर नहीं है। समय रहते इसे आप सुधार सकते हो।



### मुंह से जहररूपी शब्द उगलता है मनुष्य

मनुष्यों की वर्तमान स्थिति के बारे में बताते हुए मुनिश्री ने कहा कि आज मनुष्यों की स्थिति जानवर से भी बुरी है। अगर लाइफ साइकिल को छोड़ दें तो कोई भी जानवर दूसरे जानवर को मार कर नहीं खाता है लेकिन आज मनुष्य, जानवरों को काट कर खा रहा है। जानवरों की भी एक लिमिट होती है लेकिन मनुष्य ने अपनी सारी हदों को पार कर दिया है। सांप अगर दिन में एक बार जहर छोड़ता होगा तो उसकी तुलना में मनुष्य दिन में 10 बार से ज्यादा अपने मुंह से जहररूपी शब्द उगलता है। यही समय है, आप अब भी सुधर सकते हैं और अपने बचे हुए वक्त का सही उपयोग कर सकते हैं।

### नरक में बचाने वाला कोई नहीं

मुनिश्री कहते हैं कि अगर आप नरक में जाओगे तो आपको बचाने वाला वहां कोई भी नहीं होगा, उस जगह भगवान भी आपको नहीं बचा सकते हैं। नरक भोगना कोई आसान काम नहीं है, वहां पर भूख ऐसी लगती है कि पूरी दुनिया का खाना भी खा लो तो भी आपका पेट नहीं भरेगा। प्यास भी ऐसी की कितना भी पानी पी लो प्यास नहीं बुझेगी। आज आपको प्यास लगे तो आपके पास कई विकल्प हैं, आप गर्म पानी पी सकते हो, ठंडा पानी पी सकते हो, मिनरल वाटर पी सकते हो, हिमालय वॉटर पी सकते हो, लेकिन नरक में आपको पता नहीं कैसा पानी मिलेगा, वह गर्म भी हो सकता है और गंदा भी।

# सावन उत्सव में झूमीं महिलाएं, रोचक गेम्स के साथ लिया झूले का आनंद

**रायपुर।** सावन का महीना हो और झूले से दूर रहा जाए, ऐसा कैसे हो सकता है। महाराष्ट्र मंडल के कोटा महिला केंद्र की महिलाओं ने सावन उत्सव का आयोजन किया। इसमें उन्होंने झूले के साथ सावन के गीतों का लुत्फ उठाया। इस बीच केंद्र की महिलाओं ने कई रोचक गेम्स भी खेले। संयोजिका वर्षा चोपकर ने बताया कि सावन उत्सव का आयोजन केंद्र की आजीवन सभासद शुभांगी शेंडे के निवास पर किया गया था। जहां सभी महिलाएं हरे रंग के परिधान में पहुंचीं थीं। इनमें हरित श्रृंगार प्रतियोगिता रखी गई थी, जिसमें मोना भिड़े विजेता रहीं। वहीं एक अन्य खेल में महिलाओं को सुहाग की वस्तुओं को कम से कम समय में पहनना था। इसके लिए एक स्थान पर सुहाग का सामान रखा गया था और दूसरे स्थान पर एक बाउल में पर्ची रखी गई थी।



### वन मिनट गेम में वैशाली प्रथम

*प्रतिभागी महिलाएं एक-एक पर्ची उठाकर सुहाग के श्रृंगार की वस्तुएं पहनकर तैयार हुईं। यह 'वन मिनट गेम' था। इसमें वैशाली पुरोहित ने प्रथम, श्वेता खरे ने द्वितीय और वर्षा चोपकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सावन उत्सव में वैशाली पुरोहित, श्वेता खरे, शुभांगी शेंडे, आरती दीवाते, वंदना कालमेघ, जया देशमुख, मोना भिड़े, प्रीति यादव, कुसुम मलेवार, गौरी शेंडे, मंजू भंडारी, विद्दुला चिकलीकर, पूर्वा खरे सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।*

---

### महामाया मंदिर सहित अलग-अलग क्षेत्र में पुरोहित सुनाएंगे कथा

# संतान की सुख-समृद्धि व दीर्घायु कामना करने महिलाएं आज करेंगी हलषष्ठी व्रत, समूह में पूजा करने सजाएंगी सगरी

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** संतान की सुख-समृद्धि व दीर्घायु कामना के लिए महिलाएं शनिवार को हलषष्ठी व्रत करेंगी। इसे कमरछट पर्व के रुप शनिवार को जगह जगह मनाया जाएगा। महिलाएं यह व्रत श्रद्धा भक्ति से हर साल करती है। इसके लिए अलग-अलग क्षेत्र में इस बार भी पुरोहितों के मार्ग-दर्शन में समुह में पूजा करने के लिए सगरी सजाएंगी। पुरानी बस्ती के महामाया मंदिर में दोपहर एक बजे से सुहागिनें एक जुटकर होकर पूजा-अर्चना करने के साथ ही भजन-कीर्तन भी करेंगी। पुरोहित से कथा प्रसंग सुनेंगी। इसके लिए पहले से ही पुरोहित को आमंत्रित करते हुए शुक्रवार की रात से व्रत नियम का पालन शुरू किया है। दिनभर व्रत करने के साथ ही पुरोहित के मार्ग-दर्शन में महामाया, बूढ़ेश्वर मंदिर में दोपहर में पूजा करने के लिए जुटेंगी।



### कलछी, चम्मच का उपयोग नहीं

*पंडित मनोज शुक्ला बताते हैं कि हलषष्ठी के दिन घर पहुंचकर महिलाएं फलाहार की तैयारी करती हैं। इसके लिए वे पसहर चावल भगोने में बनाती है। इस दिन कलछी, चम्मच का उपयोग खाना बनाने के लिए नहीं किया जाता है। खम्हार की लकड़ी को चम्मच के रूप में प्रयोग में लाया जाता है। छह प्रकार की भाजियों को काली मिर्च और पानी में पकाया जाता है। भैंस के घी का प्रयोग छौंकने के लिए किया जाता है। इस भोजन को पहले छह प्रकार के जानवरों के लिए जैसे कुत्ते, पक्षी, बिल्ली, गाय, भैंस और चींटियों के लिए दही के साथ पत्तों में परोसा जाता है। नियम के तहत वे सूर्यास्त से पहले फलाहार करती हैं।*

### महिलाएं समुह में करेंगी पूजा

पंडित भोला तिवारी ने बताया कि भगवान परशुराम चौक भनपुरी में हलखटी व्रत पूजन का आयोजन दोपहर एक बजे शुरू होगा। इसके लिए क्षेत्र की महिलाओं ने तैयारी करने के बाद पुरोहित को पूजा कराने के लिए आमंत्रित किया है। शनिवार को सुबह से पूजा मंडप को सजाने और सगरी सजाएंगी। इसके बाद पूजा विधान को पूरा करने के लिए वे समुह में शामिल होगी।इसमें सैकड़ों की तादाद में महिलाएं एक साथ पूजा के लिए हर साल जुटती हैं। इस बार भी वे हलषष्ठी को उत्सव का रुप देने के लिए आयोजन का हिस्सा बनेंगी। इससे पहले पूजा स्थल की साफ-सफाई करने की प्रक्रिया उन्होंने पूरी की हैं।

### कथा प्रसंग सुनने के बाद भजन

देवेंद्र नगर सेक्टर 3 स्थित तालाब किनारे शिव मंदिर के पास हलखटी व्रत पूजन परंपरा गत रुप से किया जाएगा। वहीं बूढ़ेश्वर चौक स्थित मंदिर में भी कमरछठ व्रत करने वाली महिलाओं का समुह पूजा करने के लिए हर साल सगरी सजाने की परंपरा का निर्वहन करता है। इस बार बिरगांव के बंजारी नगर स्थित शिव पार्वती मंदिर के पास भी महिलाएं हर साल की तरह सगरी बनाने के बाद आमंत्रित पुरोहित के मार्ग-दर्शन में पूजा नियम करने के बाद कथा प्रसंग सुनेगी। इसके बाद भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण करने के बाद सूर्यास्त से पहले फलाहार करेंगी। वेदाचार्य पीके शुक्ला ने बताया कि इसके लिए तैयारी की गई है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-19 में वैभव ने बनाए शानदार 105 रन



**रायपुर।** तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन तथा छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के मध्य अंडर-19 मल्टी डे तथा वन डे क्रिकेट अभ्यास मैच का आयोजन 21 अगस्त से 10 सितंबर तक चेन्नई एवं तरुपनुर में किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पहला मैच 21से 23 अगस्त चेन्नई में तमिलनाडु अंडर-19 टीम के विरुद्ध खेला गया। तमिलनाडु अंडर 19 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 67.1 ओवरों में 10 विकेट खोकर 239 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से स्वयं पांडे ने 55 रन तथा विकल्प तिवारी ने 47 रन बनाये। साथ ही जसविंदर सिंह गिल ने 42 रनों का योगदान दिया। तमिलनाडु अंडर 19 की ओर से प्रणव, जोंस तथा केविन ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। तमिलनाडु अंडर-19 ने अपनी पहली पारी में 124.2 ओवरो में 8 विकेट खोकर 482 रन बनाये तथा पारी घोषित कर दी। तमिलनाडु अंडर 19 की ओर से राघव ने 85 रन तथा किरण ने 69 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ अंडर 19 की ओर से जय प्रकाश पांडे तथा विकल्प तिवारी ने 2-2 विकेट हासिल किये। छत्तीसगढ अंडर 19 अपनी दुसरी पारी में 71.4 ओवरों में 212 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। छत्तीसगढ अंडर-19 की ओर से वैदिक मधुकर ने सर्वाधिक 105 रनों का योगदान दिया। वहीं तमिलनाडु की ओर से तथिश तथा जोंस ने 3-3 विकेट हासिल किए। तमिलनाडु अंडर 19 ने मैच पारी तथा 31 रनों से जीत लिया।

### वेटलिफ्टिंग में रायपुर के खिलाड़ी दिखा रहे दम



**रायपुर।** इस्पात नगरी भिलाई में शुरू हुई तीन दिवसीय यूथ, जूनियर, सीनियर (महिला-पुरुष) वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में रायपुर ज़िले से 40 महिला , पुरुष खिलाड़ी एवं कोच मैनेजर भाग ले रहे हैं। 25 अगस्त तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में रायपुर से शामिल खिलाड़ियों में अदिति साहू,गीतांजलि जांगड़े, विधि साहू, सानिका चन्देल, प्रांजली तिवारी, अनामिका साहू, आयुशी सोनी, प्रीतू साहू, लुकेश्वरी साहू ,मेघ पाल, दिव्या सिन्हा, पूजा साहू ,फाल्गुनी साहू, श्रेया साहू, अंजलि साहू,चिरंजीव भारती, सचिन सिंह, साहिल कटरे,अंकित भारती, तुषार साहू, हंसराज मारकंडे, विजय माहेश्वरी,कोमल माहेश्वरी, राजा भारती, हनी वर्मा, विकास लहरे,केशव पाल, यश पाल, राहुल जांगड़े, टोमन भारती ,मोहित नामदेव,हर्शल रहँगडले, देवव्रत शर्मा, हरीश मारकंडे, कोमेश डन्डे ,आदित्य साहू, झामेंद्र पाल,कोच पंकज शुक्ला मैनेजर , दीपक धीवर और सूजी यादव शामिल हैं।

### संतुलित आहार और मानसिक विकास के प्रति जागरूक किया खिलाड़ियों को



**रायपुर।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा संचालित आवासीय तीरंदाजी अकादमी रायपुर में प्रशिक्षणरत बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को संतुलित आहार और मानसिक विकास के संबंध में सेमीनार के माध्यम से जागरूक किया गया। एजूकेटर एवं काउंसलर एक्सपर्ट डॉ नेहा सिंह के द्वारा खिलाड़ियों को सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर में खिलाड़ियों को जागरूक किया गया।

खिलाड़ियों को अभ्यास से पहले, अभ्यास के दौरान-और खेल अभ्यास के पश्चात हाइड्रेट रहने के लिए विभिन्न पोषक तत्वों की आवश्यकता रहती है। प्रोटीन, विटामिन, मिनरल्स और कार्बोहाइड्रेट्स की संतुलित मात्रा में खिलाड़ियों को अति आवश्यकता होती है। इससे खिलाड़ियों के दीर्घकालिक प्रदर्शन क्षमता पर सक्रिय रूप से प्रभाव पड़ता है। आयु वर्ग के अनुसार खिलाड़ियों को बैलेंस डाइट की जानकारी दी गई, जिससे खिलाड़ियों की शारीरिक ऊर्जा और ताकत सहित मानसिक दक्षता में वृद्धि होती है। इसके परिणामस्वरूप खिलाड़ियों के कौशल और खेल प्रदर्शन के स्तर में सुधार एवं वृद्धि होती है। कार्यशाला में खिलाड़ियों के स्वास्थ्य के साथ-साथ उनके खेल कौशल एवं शारीरिक दक्षता में लगातार सुधार का प्रयास प्रारंभ किया गया है। इस कार्यशाला में आवासीय खेल अकादमी में प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों के साथ उनके प्रशिक्षक भी शामिल हुए। श्रीमती तनुजा सलाम ने बताया कि हम लगातार सभी खेल विधाओं के विभाग द्वारा संचालित आवासीय एवं गैर आवासीय अकादमी के खिलाड़ियों के चहुमुखी विकास के लिए कार्यशाला आयोजित किए जाएंगे, जिसका अधिक से अधिक लाभ खिलाड़ियों को मिल सके।

## हरी सब्जियों में होती है रोग प्रतिरोधक क्षमता

# बारिश में हरी सब्जियों से होती है परेशानी इस्तेमाल करने से पहले जरूर बरतें सावधानी

मानसून में मौसम की नमी और तापमान में बदलाव के कारण बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इस मौसम में इम्यूनिटी कमजोर होने लगती है। ऐसे में बरसात के मौसम में पौष्टिक और सही प्रकार के खानपान की जरूरत होती है। बाजारों में भी तरह-तरह की सब्जियों की भरमार इस मौसम में देखने को मिलती है लेकिन कुछ लोग कहते हैं कि बारिश के मौसम में हरी सब्जियां नहीं खाना चाहिए क्योंकि इसमें कीड़े होते हैं। हालांकि ऐसा सोचना गलत है। बरसात में मिलने वाली हरी सब्जियां पौष्टिक और स्वादिष्ट होती हैं। इनके सेवन से कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं।



#### लौकी

लौकी हल्की, पचने में आसान और पोषक तत्वों से भरपूर होती है। इसमें पानी की मात्रा काफी ज्यादा होती है, जो शरीर का हाइड्रेट रखती है। यह पाचन तंत्र के लिए बहुत फायदेमंद होती है और वजन कम करने में भी मदद करती है। साथ ही इम्यूनिटी को भी मजबूत बनाती है।



**करेला :** करेला में एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी-माइक्रोबियल गुण होते हैं जो शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकालते हैं। यह रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में सहायक है और त्वचा के लिए भी फायदेमंद है।

**कद्दू :** कद्दू में विटामिन ए और सी, और फाइबर की मात्रा अधिक होती है। यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है और पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है। वजन नियंत्रित रखने और त्वचा में चमक के लिए भी कद्दू काफी फायदेमंद सब्जी है।

**तोरी :** तोरी में विटामिन्स और मिनरल्स प्रचुर मात्रा में होते हैं। यह रक्त में शर्करा के स्तर को नियंत्रित करता है और डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद होता है। इसके अलावा, यह वजन कम करने और पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करता है।

**भिंडी :** भिंडी में फाइबर और विटामिन सी होता है, जो पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है। इसमें मौजूद आयरन त्वचा और बालों के लिए भी लाभकारी है और इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। बरसात में इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। भिड़ी इंफेक्शन और एनीमिया की बीमारी से बचा सकती है। पीरियड की दिक्कत होने पर महिलाओं को भिंडी का सेवन करना चाहिए।

#### सब्जियां चुनते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखें

बरसात के मौसम में वातावरण में नमी के कारण सब्जियों में फंगस और बैक्टीरिया के बढ़ने की संभावना अधिक होती है। इसलिए सब्जियां घर लाते समय काजी और साफ सब्जियों का चयन करें। हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक को बनाने से पहले अच्छी तरह से धोएं। बरसात में पत्तेदार सब्जियों को खाने से पहले उन्हें अच्छी तरह से धोना बहुत जरूरी होता है ताकि गंदगी और कीटाणु हट जाएं।

## घर को नजर दोष से बचाती है कीर्तिमुख मूर्ति, जानें इसके फायदे

आपने अक्सर लोगों के घर के बाहर नजर से बचने के लिए एक मूर्ति लगी देखी होगी। ऐसा माना जाता है कि ये मूर्ति घर को किस भी नकारात्मक ऊर्जा से बचाती है और सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह करती है। ज्योतिष में इस मूर्ति को कीर्तिमुख कहा जाता है। वास्तु में भी यह मूर्ति एक महत्वपूर्ण और अद्वितीय स्थान रखती है। कीर्तिमुख को अक्सर एक क्रूर, शेर के चेहरे वाले राक्षस के रूप में चित्रित किया जाता है, जो सुरक्षात्मक शक्ति और शुभता का प्रतीक मानी होती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार अपने घर में कीर्तिमुख मूर्ति रखने से कई लाभ हो सकते हैं।



**घर में कीर्तिमुख की प्रतिमा लगाने के कारण :** एक उग्र संरक्षक के रूप में, कीर्तिमुख को बुरी आत्माओं और नकारात्मक ऊर्जाओं से दूर रखने वाला माना जाता है। इसी वजह से इनकी प्रतिमा घर को किसी भी नकारात्मक ऊर्जा से बचाती है।

स्वयं को निगलने का कार्य आत्म-नियंत्रण और उच्च शक्ति के प्रति समर्पण का प्रतीक है। यही कारण है कि जिस घर में कीर्तिमुख की प्रतिमा होती है वहां सदैव समर्पण की भावना बनी रहती है।

कीर्तिमुख की उपस्थिति को सौभाग्य और सकारात्मक ऊर्जा का अग्रदूत माना जाता है। इसी वजह से जब घर के मुख्य द्वार पर कीर्तिमुख की प्रतिमा लगाई जाती है तो घर के भीतर सदैव ही सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है।

**घर में कीर्तिमुख मूर्ति की स्थापना कैसे करें :** कीर्तिमुख की मूर्ति को अपने घर के मुख्य द्वार के ऊपर रखना अत्यधिक शुभ माना जाता है। यह स्थान एक सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करता है, जो नकारात्मक ऊर्जाओं को प्रवेश करने से रोकता है और घर में सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को सुनिश्चित करता है।

## किचन में हो रही नमी से आ रही है गंदी बदबू? इन तरीकों से महकाएं रसोई

अगर आपकी किचन की दीवारों पर सीलन आती है, तो बदबू ज्यादा हो सकती है। हालांकि, इस बदबू को कम करने के तरीके भी हैं। गंध से तभी निपटा जा सकता है, जब आपको पता हो कि किस दीवार और कहां से सबसे ज्यादा नमी आ रही है। उसे फिक्स करने के बाद ही बदबू को कम किया जा सकता है। सिंक के नीचे या डिशवॉशर के पीछे धीमी गति से पानी टपकने से भी नमी हो सकती है जिससे फफूंद लग सकती है और दुर्गंध आ सकती है। अगर आपके किचन में वेंटिलेशन नहीं है, तो खाना बनाते हुए या अन्य काम के कारण भाप सतहों पर कंडेंस हो सकती है, जिससे नमी का निर्माण हो सकता है। सिंक, डिश रैक या काउंटरटॉप पर जमा पानी फफूंद और बैक्टीरिया के लिए प्रजनन स्थल बना सकता है, जिससे अप्रिय गंध आ सकती है।



#### वेंटिलेशन में करें सुधार

एक बार जब आपको पता चल जाए कि नमी का स्रोत क्या है, तो उसे फिक्स कीजिए। किसी भी तरह के गैप या पानी टपकने वाली समस्या को हल करें। इसकी तरह वेंटिलेशन पर भी काम करें। अच्छी तरह हवादार रसोई में नमी की समस्या होने की संभावना कम होती है। वेंटिलेशन बढ़ाने के लिए रसोई में एग्जॉस्ट फैन लगाएं। जब भी आप खाना बनाएं तो इसे स्विच ऑन करें। पंखा भाप को हटाने और सतहों पर नमी को जमने से रोकने में मदद करेगा।

#### सतहों को साफ और सूखा रखें

नमी की बदबू को रोकने के लिए नियमित सफाई जरूरी है। खाना पकाने या बर्तन धोने के बाद, काउंटरटॉप, स्टोवटॉप और सिंक को साफ करें। यह आसान स्टेप नमी को लंबे समय तक रहने और बदबू पैदा करने से रोक सकता है। सुनिश्चित करें कि सभी बर्तन सूखे हुए हों। सूखने के बाद ही उन्हें बर्तन कैबिनेट में रखें। अलमारी में पानी जमा होने से जल्दी ही दुर्गंध आ सकती है।



## आत्मरक्षा से जुड़े गुर जरूर सीखने चाहिए हर महिला को

अगर आपको घर में या फिर बाहर जाते वक्त डर लगता है और यह महसूस होता है कि आप सेफ नहीं हैं। तो सेल्फ डिफेंस मूव्स सीखने की कोशिश करें, ताकि आप अपने इस डर को कम कर सकें।

कोलकाता में एक महिला डॉक्टर के साथ रेप करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई। इस शर्मनाक घटना को लेकर पूरे देश में रोष है। डॉक्टर्स की हड़ताल जारी है और सड़कों पर आकर लोग अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। इसमें पीड़िता का परिवार, डॉक्टर और पूरे देश के लोग शामिल हैं, जो लगातार न्याय की मांग कर रहे हैं।

और हो भी क्यों ना... क्योंकि आजकल जिस तरह से महिलाओं के साथ सुलूक किया जा रहा है, यकीनन चिंता का विषय है। अब महिला सशक्तिकरण पर काफी जोर दिया जा रहा है। महिलाओं के हक को लेकर लोग सचेत हुए हैं और उनके लिए हक की मांग कर रहे हैं।

अब महिला सुरक्षा का मुद्दा ग्लोबल टॉपिक में शुमार हो गया है, जिस पर बहस की जानी चाहिए। मगर सिर्फ नियम बनाने से बात नहीं बनेगी, बल्कि हमारी खुद की भी जिम्मेदारी है कि हम खुद को सुरक्षित रख सकें। इसके लिए जरूरी है कि आप सेल्फ डिफेंस मूव्स सीख लें, ताकि आप परेशानी का खुद सामना कर सकें।

**ग्रोइन किक :** आप ग्रोइन किक मूव को सीख सकते हैं। यह खुद की सुरक्षा करने के लिए बहुत काम आ सकता है। इसे करने से न सिर्फ आप फिट रहेंगे, बल्कि सामने खड़े व्यक्ति को आसानी से हरा भी सकते हैं। यह मूव तब काम आएगी जब आपके पास अचानक हमला होता है और आपके पास सोचने या समझने का वक्त नहीं होगा।

**कैसे करें :** इसे करने के लिए अपने पैर से सीधे सामने वाले व्यक्ति की ग्रोइन (जांघों के बीच) पर किक करें। ऐसा करने से सामने वाले व्यक्ति को दर्द होगा और आप बच जाएंगे।

**एल्बो स्ट्राइक :** आप अपने डिफेंस में एल्बो स्ट्राइक भी सीख सकते हैं। इससे आप खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। बता दें इसे करने से सामने वाले व्यक्ति के जबड़े, सिर और बॉडी पर प्रभाव डालने के लिए किया जाता है। यह मूव तब प्रभावी होता है जब आप सामने वाले व्यक्ति के बहुत ही पास होते हैं। इसे करने के लिए आपको नीचे बताए गए स्टेप्स से कर सकते हैं।

**कैसे करें :** इस स्ट्राइक में आप अपनी कोहनी का इस्तेमालकरके सीधा और शक्तिशाली हमला करते हैं। यह हमला आमतौर पर सामने वाले व्यक्ति के चेहरे, ठोड़ी, या शरीर के अन्य हिस्सों पर किया जाता है। इसे करना तब ज्यादा प्रभावी माना जाएगा, जब सामने वाला व्यक्ति आपके बहुत पास



#### पाम-हील स्ट्राइक मूव

यह बहुत ही प्रभावशाली मूव है, जिसे डिफेंस के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसमें हथेली यानी पाम हील से सामने वाले व्यक्ति के चेहरे या ठोड़ी के नीचे हिस्से पर हमला किया जाता है। यह मूव तब उपयोगी होता है, जब आप बहुत ही तेजी से किसी को मारना चाहते हैं। खासकर तब अगर आपके पास मजबूत पंच करने की ताकत या तकनीक नहीं है।

**कैसे करें :** इस स्ट्राइक में आपकी हथेली का आधार पर हमलावर के चेहरे या ठोड़ी पर सीधा हमला किया जाता है। इससे सामने वाला इंसान कमजोर पड़ जाता है और आपकी जान बच सकती है। मगर इसे करते वक्त इस बात का ध्यान रखें और इस मूव को जान लगाकर करें। हालांकि, पाम-हील स्ट्राइक में आपके हाथ की हड्डियों और जॉइंट्स पर चोट लगने की संभावनाकम होती है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 7987119756

inforob Believe in innovation
Learn Today, Lead Tomorrow-Your Future Star
Join our Technological Certified Courses
Admission Open Limited Seats Age Group 5 years and above.
• Python • Artificial Intelligence • Robotics
• Block Coding • Web Design • Game Design
Our Other Services :
• 1 Year internship for Diploma/ degree students
• Certificate Courses for Robotics and AI
• Summer & Winter Camp Workshop on Robotics
D 105, Guru Ghasidas Society, Priyadarshini Nagar, New Rajendra Nagar, Raipur, Chhattisgarh 492001
8721906433, 9862047382 Time : 5pm to 8pm Follow us : inforob_robotics

krishna vatika
Call and Booking Now
9406026313
9981002160
Facilities
• 20000sq.ft. Lush Green Party Lawn.
• Parking Facility
Events
• Birthday party, Kitty Party, Wedding.
• Anniversary, Ring Ceremony
पता- समता परिसर के सामने लालपुर, रायपुर (छ.ग.)

Furniture'sway
अब डायरेक्ट फैक्ट्री से फर्नीचर बनवाएं
वह भी मार्केट से 10 से 30% कम दाम पर
Register now www.furnituresway.com 9826949400, 9826949402

CCTV | Biometrics | Fire Safety | Video Conf. | Networking & IT Solutions | Vehicle Traking
Fire Detection | Boom Barrier Gate Automn | Audio Conf | Smart Class Set up | Walky Talky | Smart Interative Panle
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com/+91 8435 000 880

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
अपने घर का मॉड्युलर किचन बनवाएं
9977115597, 8319076661
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur, 492004
KitchenGalaxyNXModular
मात्र ₹ 75,000/- ₹ 95,000/- ₹ 1,25,000/-

मैट्रेस 6x6 2300/- सिर्फ
प्रोटेक्टर डबल बेड 700/- सिर्फ
सोफा कमबेड बीन बैग
EP फोम गद्दा चैन कव्हर लगा 3x6=400/-
मैट्रेस 3x6=1100/- 4x6=1500/- सिर्फ
पुराना गद्दा लाये नया ले जाये
Mattress 30 से 50% लेस
रुई गद्दा 220/- रुई गद्दा 700/- (15 किलो 4x6) रुई गद्दा 4x6=600/-
संजय रुई भंडार निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर 9827976266, 7987918262


पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755 गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## लायंसगेट ने हटाया 'मेगालोपोलिस' का ट्रेलर, गलत प्रदर्शन पर मांगी माफी



लायंसगेट फ्रांसिस फोर्ड कोपोला की 12 करोड़ डॉलर में बनकर तैयार हुई फिल्म 'मेगालोपोलिस' का ट्रेलर बुधवार को रिलीज हुआ। हालांकि, ट्रेलर रिलीज के बाद ही बवाल मच गया। ट्रेलर में प्रसिद्ध फिल्म समीक्षकों के ढेर सारे मनगढ़ंत उद्धरण शामिल थे। बवाल को बढ़ता देखकर लायंसगेट ने ट्रेलर को हटा लिया है। साथ ही फिल्म समीक्षकों को गलत तरीके से दर्शाने के लिए निर्माताओं ने माफीनामा भी जारी किया है।

लायंसगेट के प्रवक्ता ने वेरायटी को दिए एक बयान में कहा, 'लायंसगेट तुरंत मेगालोपोलिस का ट्रेलर हटा रहा है।' प्रवक्ता के हवाले से कहा गया, 'हम अपनी जांच प्रक्रिया में इस अक्षम्य त्रुटि के लिए इसमें शामिल आलोचकों और फ्रांसिस फोर्ड कोपोला और अमेरिकन जोएट्रोप से ईमानदारी से माफी मांगते हैं। हमने गड़बड़ कर दी। हमें खेद है।' 'मेगालोपोलिस' ट्रेलर में दिखाए गए उद्धरण द न्यू यॉर्कर के पॉलीन केल और विलेज वॉयस के एंड्रयू सरिस जैसे प्रसिद्ध आलोचकों द्वारा 'द गॉडफादर' और 'एपोकैलिप्स नाउ' जैसे कोपोला के कार्यों की पिछली आलोचनाओं पर प्रकाश डालते हैं। इन्हीं झूठे उद्धरणों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, ओवेन ने कहा, 'इन सब में सबसे तुच्छ घोटाला यह है कि पूरा मेगालोपोलिस ट्रेलर एक झूठी कहानी पर बनाया गया है।'

### टॉलीवुड

## तेजा सज्जा की 'मिराय' का नया धांसू पोस्टर जारी



प्रशांत वर्मा के निर्देशन में बनी पैन इंडिया फिल्म 'हनुमान' ने तेजा सज्जा को सुपरस्टार बना दिया। इस ब्लॉकबस्टर फिल्म के बाद अब वे अपनी अगली फिल्म से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। अप्रैल, 2024 में उनकी अगली पैन इंडिया फिल्म 'मिराय' की आधिकारिक घोषणा की गई थी। इसके साथ ही निर्माताओं ने फिल्म से अभिनेता का पोस्टर भी जारी किया था। वहीं, अब दशकों का उत्साह बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने फिल्म से तेजा सज्जा का नया पोस्टर जारी कर दिया है।

एक ओर तेजा सज्जा 'मिराय' के लिए अपनी कमर कस रहे हैं। वहीं आज अभिनेता अपना 30वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर 'मिराय' के निर्माताओं की ओर से उन्हें खास तोहफा मिला है। निर्माताओं ने अभिनेता के जन्मदिन पर फिल्म से उनका एक धांसू पोस्टर जारी किया है, जिसमें तेजा सज्जा दमदार अवतार में नजर आ रहे हैं।

पोस्टर साझा करते हुए निर्माताओं ने अभिनेता को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दी हैं। पोस्टर में तेजा सज्जा एक जलती हुई लोहे की छड़ को पकड़कर खुद को गिरने से बचाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि ऊपर से पत्थरों के टुकड़े गिर रहे हैं। खतरनाक स्थिति में फंसे होने के बावजूद वे बहुत ही शांत दिखाई दे रहे हैं। बैकग्राउंड में एक प्राचीन मंदिर है। यह पोस्टर एक्शन मूवी के दीवानों और आम लोगों को भी उत्साहित कर रहा है।

### भोजपुरी

## इंटरनेट पर गर्दा उड़ा रहा 'कमर डैमेज', एक ही दिन में बटोरे लाखों व्यूज



भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ इस वक्त अपने नए गाने को लेकर चर्चा में हैं। यह गाना कल गुरुवार को रिलीज हुआ है और एक ही दिन में इसने इंटरनेट पर धूम मचा दी है। 'कमर डैमेज' गाना खेसारी और मशहूर अदाकारा नीलम गिरी पर फिल्माया गया है। दोनों के जबर्दस्त डांस मूव्स खूब पसंद किए जा रहे हैं। इस गाने में खेसारी और नीलम काफी रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। भोजपुरी गानों में जैसा अक्सर होता है, इस गाने में भी काफी तड़क-भड़क है। कल ही रिलीज हुए इस गाने को यूट्यूब पर अब तक इस गाने को 1 करोड़ 12 लाख से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। इस गाने को खेसारी लाल ने गाया है और इसमें वे ही नजर भी आए हैं। 'कमर डैमेज' गाने के बोल कुन्दन प्रीत ने लिखे हैं। संगीतकार प्रियांशु सिंह ने गाने को धमाकेदार धुनों से सजाया है। वीडियो का निर्देशन पवन पाल ने किया है, जिन्होंने गाने में बेहतरीन विजुअल्स और कोरियोग्राफी के जरिए इसे और भी आकर्षक बनाया है। इस गाने को आराध्या फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है, जिसके निर्माता बंटी यादव हैं। गाने के प्रमोशन की जिम्मेदारी पीआरओ रंजन सिन्हा ने संभाली है। युवाओं के बीच यह गाना काफी हिट हो रहा है।

गाना हिट होने के बाद खेसारी ने अपने इंस्टा पोस्ट पर भी एक रील शेयर की है। इसमें वे अपने इसी गाने पर नीलम के साथ डांस करते नजर आ रहे हैं। इस पर यूजर्स ने कमेंट्स की झड़ी लगा दी है। एक यूजर ने लिखा, 'यह हिट मशीन की लहर है'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'गजब भैया'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'खेसारी भैया ग्लोबल ट्रेंडिंग स्टार हैं'।

सुर लहरियों का फैशन

लाइफ स्टाइल



हाल ही में अमेज़ॅन म्यूज़िक ने लॉस एंजिल्स में ₹द फ्यूचर इज़ अवर₹ फैशन शो की मेजबानी की। यहां जुटे नौजवानों ने अगली पीढ़ी के प्रभावशाली कलाकारों और प्रशंसकों के लिए जश्न मनाया। यहां फैशन, संगीत, तकनीक और संस्कृति के भविष्य के दृष्टिकोण को एक साथ जोड़ते हुए, अमेज़ॅन म्यूज़िक ने एक रनवे शो की मेजबानी की, जिसमें लैटिन क्रिएटिव डिजाइनरों द्वारा डिज़ाइन किए गए परिधानों को लॉस एंजिल्स टाइम्स के फैशन डायरेक्टर एट लार्ज कीला मार्केज़ द्वारा स्टाइल किया गया था। शो में रेगेटन की नई पीढ़ी के प्रतीक रयान कास्त्रो और उनके साथी रैपर रिच द किड व उभरते कलाकार बीबी ट्रिकज़ ने शानदार प्रदर्शन किया।

# फ्रिजी बालों को मुलायम बनाने के लिए लगाएं यह होममेड पैक



फ्रिजी हेयर मतलब उलझे हुए बेजान बाल... आजकल हर महिलाओं को इससे जूझना पड़ता है। बालों को मुलायम बनाने के लिए महिलाएं कई तरह की ट्रीटमेंट लेती हैं, हालांकि यह महंगे होते हैं और इससे साइड इफेक्ट भी होता है। ऐसे में अगर आप भी कोई हेल्दी विकल्प की तलाश में हैं तो आपको होममेड हेयर मास्क के बारे में जानना जरूरी है।

**विधि :** एक कटोरे में एक टेबल स्पून नारियल का तेल डालें।2 टेबलस्पून एलोवेरा जेल डालें। आधा चम्मच शहद मिलाएं। इन तीनों चीजों को अच्छी तरह से मिला लें इस मिश्रण को बालों में लगाकर 20 मिनट तक रखें। शैंपू में बाल धोने के बाद कंडिशनिंग करें। ये आपके बालों को मुलायम करते हैं।

**हेयर मास्क के फायदे समझें :** नारियल तेल और एलोवेरा जेल में प्रोटीन, विटामिन और खनिज उच्च मात्रा में होते हैं जो बालों के रोम को पोषण देते हैं। इसमें रूखे बालों को नियंत्रित करने के लिए उच्च मात्रा में चिकनाई और मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं। इससे बाल रेशमी और मुलायम बनते हैं। वहीं शहद एक नेचुरल हुमेक्टैंट है, जिसका मतलब है कि यह नमी बनाए रखने में मदद करता है।

एक्सपर्ट बताती हैं कि बहुत लोगों को लगता है कि शहद बालों को सफेद करता है लेकिन ऐसा नहीं है। शहद में ग्लूकोज ऑक्सीडेज एंजाइम के कारण थोड़ी मात्रा में हाइड्रोजन पेरोक्साइड होती है, लेकिन इसकी सांद्रता बेहद कम होती है। शहद में मौजूद नेचुरल हाइड्रोजन पेरोक्साइड बालों पर बहुत ज्यादा ब्लीचिंग प्रभाव डालने के लिए पर्याप्त नहीं होती है।

## एथनिक और वेस्टर्न की जगह पसंद आ रहे फ्यूजन आउटफिट, डालें एक नजर

फैशन





जैसे-जैसे समय बदलता है, समय के साथ फैशन में भी बदलाव देखने को मिलता है। महिलाएं इस बदलाव को काफी अच्छे से स्वीकारती हैं। हर दिन तरह-तरह के आउटफिट ट्रेंड में आते हैं और महिलाएं इन्हें काफी अच्छे से कैरी करती हैं। अलग तरह के कपड़े उनकी पर्सनालिटी को भी निखारने का काम करते हैं।

आज के समय में भी ज्यादातर महिलाओं को सिर्फ एथनिक और वेस्टर्न कपड़ों के बारे में ही पता होता है, पर क्या आप जानती हैं कि आजकल मार्केट में फ्यूजन आउटफिट का भी काफी अच्छा ट्रेंड है।

हाल ही में कई अभिनेत्रियों को भी फ्यूजन आउटफिट पहने देखा गया है। फ्यूजन आउटफिट एथनिक और वेस्टर्न का मिला-जुला नमूना है। यह आपके एथनिक लुक को वेस्टर्न टच देने का काम करता है। इसी के चलते यहां हम आपको कुछ अभिनेत्रियों के फ्यूजन आउटफिट लुक दिखाने जा रहे हैं ताकि आप उनके लुक से टिप्स लेकर अपने लिए भी कुछ ट्रेंडी आउटफिट तैयार कर सके।

**सोनाक्षी सिन्हा :** सोनाक्षी का ये लुक काफी कमाल का और बेहद ही खूबसूरत है। इस लुक में उन्होंने वी नेकलाइन वाला क्रॉप टॉप पहना है, जिस पर सुनहरे धागों से कढ़ाई करके खूबसूरत डिजाइन बना है। इस खूबसूरत सी टॉप को उन्होंने धोती स्टाइल मैचिंग साटिन रैप स्कर्ट के साथ पेयर किया है। जिस वजह से उनका ये लुक बेहद कमाल का लग रहा है।

**शिल्पा शेट्टी :** शिल्पा की ये इंडो वेस्टर्न साड़ी ग्लैमरस लुक देने का काम कर रही है। इस साड़ी की प्लीट्स से लेकर उसका पल्लु तक पहले से ही अटैच है, जिस वजह से ये उन महिलाओं के लिए भी परफेक्ट है, जिन्हें साड़ी पहनना नहीं आता।

**रकुल प्रीत सिंह :** वैसे तो अक्सर आपने शरारा के साथ महिलाओं को कुर्ती पहने देखा होगा, लेकिन रकुल प्रीत ने अपने इस लुक को ही बदल दिया। उन्होंने शरारा के साथ ब्लेजर कैरी किया है। इसके साथ एक्ट्रेस ने पारंपरिक हैवी ज्वेलरी भी पहनी है। वहीं हाथों में चूड़ा भी काफी खूबसूरत दिख रहा है।

**हिना खान :** हिना अपने स्टाइल से अक्सर लोगों को चौंका देती हैं। उनका हर अंदाज लोगों को पसंद आता है। इस धोती स्टाइल की स्कर्ट के साथ उन्होंने क्रॉप टॉप और ब्लेजर पहना है, जिस वजह से उनका लुक काफी प्यारा दिख रहा है। इसके साथ उन्होंने हाई हील्स पहनी हैं, जो उनके लुक में चार चांद लगा रही हैं।

## पतले होंठों को बड़ा और पाउटी बनाने काम आएंगे आसान टिप्स

हर महिला चाहती है कि उनके होंठ बड़े और सुन्दर नजर आए। इसके लिए महिलाएं तरह-तरह के ट्रीटमेंट से लेकर महंगे लिप केयर प्रोडक्ट्स तक लगभग सभी चीजें ट्राई करती हैं। काफी महिलाएं पतले होंठ होने के कारण निराश रहती हैं और इसी कारण उनका मेकअप भी फीका दिखाई देने लगता है। आजकल मार्केट में आपको होंठों को बड़ा दिखाने के लिए काफी प्रोडक्ट्स आने लगे हैं, लेकिन क्या आप ये जानती हैं कि ये प्रोडक्ट्स कैसे आपके होंठों को बड़े आकार का बनाने वाले हैं?

**ऑम्ब्रे लिप्स लगते हैं बेहद खूबसूरत :** अगर आपके लिप्स पतले हैं और आप उन्हें पाउटी दिखाना चाहती हैं तो आप अपने लिप्स पर ऑम्ब्रे इफेक्ट दे सकती हैं। इसके लिए आपको लिप पेंसिल, डार्क लिपस्टिक और एक लाइट कलर की लिपस्टिक चाहिए होगी।

**लिप लाइनर का ऐसे करें इस्तेमाल :** काफी महिलाएं लंबे समय सेलिप लाइनरका इस्तेमाल करती ही होंगी, लेकिन आपको बता दें कि अगर आपके होंठ पतले हैं तो आप लिप्स के आउटर एज यानी बाहरी हिस्से से आउटलाइन करना शुरू करें ताकि आप लिप्स पर एक इल्ल्युजन क्रिएट कर सके और अपने होंठों को बड़ा दिखा सकें। इसके लिए आप डार्क ब्राउन तथा डार्क मैरून कलर का इस्तेमाल कर सकती हैं।



### ग्लॉस है बेहद काम की चीज

होंठों को बड़ा और पाउटी दिखाने के लिए ग्लॉस बेहद काम की चीज होती है। ये आपके होंठों को बेहद आसानी से ग्लॉसी बनाकर हाइलाइट करने में मदद करती हैं। आप इसका इस्तेमाल लिपस्टिक लगाने के बाद तथा लिपस्टिक लगाए बिना भी कर सकती हैं। इसका इस्तेमाल आप कम मात्रा में ही करें ताकि ये आसानी से बिना चिपचिप के लंबे समय तक टिक पाएं।

**हाइलाइटर का ऐसे कर सकती हैं उपयोग :** लिप्स को एक अलग और पाउटी इफेक्ट देने के लिए आप हाइलाइटर का इस्तेमाल करके लिप्स को बड़ा दिखा सकती हैं। इसके लिए आप लिप्स परमैट लिपस्टिकके ऊपर पाउडर हाइलाइटर का इस्तेमाल कर सकती हैं।

## वैक्सिंग के दौरान की गलतियों से त्वचा का रंग हो सकता है काला

हाथों और पैरों को बालों को साफ करने के लिए महिलाएं वैक्सिंग का सहारा लेती हैं। वैक्सिंग की मदद से जहां हाथ-पैरों पर आने वाले अनचाहे बाल साफ हो जाते हैं तो वहीं ये खूबसूरत भी नजर आते हैं। वैक्सिंग करने के लिए कई महिलाएं पार्लर जाती हैं तो साथ ही कई महिलाएं घर पर भी वैक्सिंग करती हैं। वहीं अगर आप घर पर वैक्सिंग करती हैं तो आपको कुछ बातो का खास ध्यान रखना चाहिए। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं जिन्हें आप वैक्सिंग करने के दौरान फॉलो करती हैं तो स्किन को होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता है।



**सही प्रोडक्ट का करें चुनाव :** वैक्सिंग करने के दौरान इस बात का खास ध्यान रखें कि जिस भी तरह का प्रोडक्ट का आप इस्तेमाल कर रही हैं वो प्रोडक्ट सही हो। इसके लिए आप एक्सपर्ट की मदद भी ले सकती हैं। वहींअगर आप गलत प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं तो त्वचा को नुकसान हो सकता है।

**ठंडी जगह पर करें वैक्सिंग :** वैक्सिंग ठंडी जगह पर करें। दरअसल, गर्म जगह पर वैक्सिंग करने से पसीना आएगा और स्किन को नुकसान हो सकता है। वहीं वैक्सिंग अप ठंडी जगह पर करें और इसके लिए अप एसी वाले के रूम का चुनाव कर सकती हैं। वहीं इस बात का भी खास ध्यान रखें कि वैक्सिंग करते वक्त पसीना न हो।

**वैक्सिंग के दौरान पाउडर का करें इस्तेमाल :** स्किन को नुक्सान न हो इसके लिए पाउडर का इस्तेमाल कर सकती हैं। पाउडर को पहले स्किन पर डालें इसके बाद वैक्स लगाकर बालों को साफ कर लें। वहीं इस बात का खास ध्यान रखें कि गर्म वैक्स को स्किन पर डायरेक्ट ना लगाएं।

**वैक्सिंग के बाद ध्यान रखें ये बातें :** वैक्सिंग करने के बाद गर्म या गुनगुने पानी से नहा लेती है। ठंडे पानी का करें इस्तेमाल मॉइस्चराइजिंग लोशन का इस्तेमाल।एलोवेरा जेल का करें इस्तेमाल। वैक्स करने के बाद धूप में जाने से बचे।सनस्क्रीन का करें इस्तेमाल इन टिप्स फॉलो करने के बाद भी अगर वैक्सिंग के बाद कोई समस्या होती है तो आप किसी प्रोफेशनल या किसी एक्सपर्ट से मदद ले सकती हैं।

कार्नर न्यूज

## मॉडल्स के लिए चुनौती भरा पल होता है रैम्प वॉक

# रैम्प वॉक पर चलना आसान नहीं हंसने की मनाही...पाबंदियां और भी...

*क्या कभी आपने कोई फैशन शो ध्यान से देखा है? रैम्प वॉक करती मॉडल्स दिखने में तो बहुत ही खूबसूरत होती हैं और उनके कपड़े भी बेहद आकर्षक होते हैं। बड़े से बड़े डिजाइनर के लिए रैम्प वॉक करती मॉडल्स बहुत ही ज्यादा स्टाइलिश लगती हैं और उनका आकर्षण कभी भी खत्म नहीं होता। कहते हैं कि किसी इंसान की खूबसूरती उसकी मुस्कुराहट में छिपी होती है और अगर कोई इंसान खूबसूरती से मुस्कुरा रहा है तो वो बहुत ही ज्यादा अच्छा लगता है, लेकिन क्या कभी आपने सोचने की कोशिश की है कि आखिर ये मॉडल्स क्यों नहीं मुस्कुराती हैं। किसी भी डिजाइनर के फैशन शो को देख लीजिए मॉडल्स जो रैम्प वॉक करती हैं उनके मुस्कुराने की कोई वजह ही नहीं दिखती है।*





### एक ही एक्सप्रेशन लिए एकटक

आजकल बॉलीवुड सेलेब्स को शो स्टॉपर बनाने का ट्रेंड चला है जो आखिर में थोड़ा बहुत मुस्कुरा देते हैं, लेकिन बाकी पूरे फैशन शो में मॉडल्स एक ही एक्सप्रेशन लिए एकटक देखती रहती हैं। मॉडल्स के पास जैसी बॉडी होती है वो यकीनन तारीफ के काबिल होती है। वो अपने शरीर को फिट रखने के लिए बहुत मेहनत करती हैं। ऐसा भी नहीं कि उन्हें कोई जोर जबरदस्ती से ये काम करवाया जाता है। फिर आखिर वो इस तरह से क्यों बिना स्माइल के अपना ग्लैमर दिखाती हैं। सिर्फ भारत में ही नहीं पूरी दुनिया में ये नियम है कि मॉडल्स रैम्प में कभी नहीं मुस्कुराती। ये सिर्फ महिलाओं के साथ नहीं होता बल्कि पुरुष मॉडल्स के साथ भी होता है।

### मुस्कुराहट बिखेरने नहीं दिया जाता

क्या मॉडल्स को मुस्कुराने की परमीशन नहीं दी जाती है? इसका जवाब है हां, मॉडल्स का रैम्प पर मुस्कुराना मना होता है और अगर आप दीपिका पादुकोण, अनुष्का शर्मा, बिपाशा बसु जैसी एक्ट्रेसेस के रैम्प वॉक के दिनों के वीडियोज देखें तो पाएंगे कि उन्हें भी रैम्प पर मुस्कुराहट बिखेरने नहीं दिया जाता था।



### आखिर क्यों नहीं मुस्कुराती हैं मॉडल्स?

एक पूर्व सुपरमॉडल विक्योरी मैकान डॉयजोर अपनी किताब नेवर स्किनी इनफ में लिखती हैं 'मुझे ये वॉर्निंग मिली थी कि कभी मुस्कुराना नहीं।' कई मॉडल्स रैम्प वॉक के दौरान किसी खराब पल को याद करती हैं ताकी वो गलती से भी मुस्कुरा ना दें।

दरअसल, इसके पीछे का कारण होता है डिजाइनर्स के कपड़े। फैशन गुरुओं और इस किताब के अनुसार अगर ऐसी सुंदर मॉडल्स मुस्कुराएंगी तो किसी का ध्यान डिजाइनर्स के कपड़ों पर नहीं जाएगा। ये मॉडल्स को झेलना पड़ता है और उन्हें ये कहा जाता है कि अगर वो मुस्कुराईं तो लोगों का ध्यान कपड़ों पर नहीं जाएगा। यही कारण है कि कई मॉडल्स के चेहरे भी फैशन शो में ढक दिए जाते हैं।